Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

नये भारत की नई सोच

RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्षः 6 अंकः 52 | शनिवार, 22 फरवरी -2025 (गाजियाबाद) | पेज-9 | मूल्य-एक रुपया

## महाकुंभ में नहाती महिलाओं के वीडियो बनाकर बेचने का आरोप



**नई दिल्ली।** गुजरात पुलिस राजकोट स्थित एक अस्पताल में महिलाओं के चेकअप के वीडियो यूट्यूब पर अपलोड किए जाने के मामले की जांच कर रही थी। इसी सिलसिले में उसने महाराष्ट्र के लातूर से प्रज्वल अशोक तेली और सांगली से प्रज राजेंद्र पाटिल को गिरफ्तार किया। गुजरात पुलिस ने महाकुंभ में नहाती महिलाओं के वीडियो बनाकर बेचने के मामले में प्रयागराज के यूट्यूबर समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इन पर इस तरह के वीडियो यूट्यूब और टेलीग्राम पर अपलोड करने का आरोप है। छानबीन में इनके पास से महिलाओं के आपत्तिजनक फुटेज मिले हैं।

**प्रयागराज के यूट्यूबर समेत तीन गिरफ्तार**

### बाबा सिद्दीकी हत्याकांड

## वांछित आरोपी अख्तर का वीडियो वायरल, एशिया से बाहर होने का दावा

**मुंबई।**

जिशान अख्तर, एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी हत्या मामले का मुख्य आरोपी, जिसके एक वायरल वीडियो ने आज-कल देश में खलबली मचा रखी है। कारण है कि आरोपी वीडियो में दावा कर रहा है कि वो एशिया से बाहर है और पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी ने उसे भारत से भागने में मदद की। एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी हत्याकांड के मुख्य आरोपी जिशान अख्तर का एक वीडियो हाल ही में वायरल हो गया है। इस वीडियो ने देशभर में खलबली मचा रखी है, जिसमें मुख्य आरोपी यह दावा करता हुआ नजर आ रहा है कि पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी ने उसे भारत से भागने में मदद की। वीडियो में जिशान यह भी कहता है कि वह अब एशिया से बाहर है और अपने दुश्मनों को धमकी दे रहा है। हालांकि, इस वीडियो की प्रामाणिकता को लेकर मुंबई पुलिस ने अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।



### SOUL लीडरशिप कॉन्क्लेव के पहले संस्करण का उद्घाटन

# पीएम मोदी बोले- विकसित भारत के लिए हर भारतीय कर रहा दिन-रात काम

**नई दिल्ली।**

व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण, 'जन से जगत', किसी भी ऊंचाई को प्राप्त करने के लिए आरंभ जन से ही होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत मंडपम में स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप (रडवछ) लीडरशिप कॉन्क्लेव के पहले संस्करण का उद्घाटन किया। भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे भी उनके साथ मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बेहतरीन लीडर्स का विकास जरूरी है और समय की मांग है इसलिए 'स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप' की स्थापना विकसित भारत की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण और बड़ा कदम है। कुछ आयोजन ऐसे होते हैं जो हृदय के बहुत करीब होते हैं आज का कार्यक्रम भी ऐसा ही है। राष्ट्र निर्माण के लिए बेहतर नागरिकों का विकास जरूरी है। व्यक्ति



निर्माण से राष्ट्र निर्माण, 'जन से जगत', किसी भी ऊंचाई को प्राप्त करने के लिए आरंभ जन से ही होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत मंडपम में स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप (रडवछ) लीडरशिप कॉन्क्लेव के पहले संस्करण का उद्घाटन किया। भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे भी उनके साथ मौजूद रहे। शेरिंग टोबगे गुरुवार को नई दिल्ली पहुंचे, जहां उनका स्वागत केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री पाबित्रा मार्गेरिटा ने किया। इस कार्यक्रम में उनका आना भारत-भूटान संबंधों में एक मील का पत्थर है, जो दोनों देशों के बीच घनिष्ठ राजनयिक संबंधों की बात करता है। 21 से 22 फरवरी तक चलने वाले दो दिवसीय रडवछ लीडरशिप कॉन्क्लेव का उद्देश्य राजनीति, खेल, कला और मीडिया, अध्यात्म, सार्वजनिक नीति, व्यापार, सामाजिक क्षेत्र विभिन्न क्षेत्रों के प्रभावशाली नेताओं को एक साथ लाना है। स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप (एसओयूएल) गुजरात में एक भविष्य का नेतृत्व स्कूल है जो वास्तविक नेताओं को विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है जो जनता की भलाई के लिए काम करेंगे। इसका उद्देश्य राजनीतिक वंशावली के बजाय सार्वजनिक सेवा के लिए योग्यता, समर्पण और उत्साह प्रदर्शित करने वाले व्यक्तियों को औपचारिक प्रशिक्षण और अवसर प्रदान करके भारत के राजनीतिक नेतृत्व पूल में विविधता लाना है।

## 10 गेंदों के रहते वेंकटेश्वरा ने जीता एलिमिनेटर, फाइनल में मथुरा से सामना

**लखनऊ।** शुक्रवार को खेले गए एलिमिनेटर मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सुपर स्ट्राइकर्स ने 10 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 74 रन बनाए। जवाब में वेंकटेश्वरा लायंस ने 8.2 ओवर में चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। वेंकटेश्वरा लायंस ने 10 गेंदों के शेष रहते एलिमिनेटर मुकाबले में जीत के साथ फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब धर्मेंद्र यादव की अगुआई वाली टीम शनिवार को लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में होने वाले खिताबी मुकाबले में मथुरा वॉरियर्स से भिड़ेगी। यह मैच शाम छह बजे से खेला जाएगा। एक ही दिन में दो मुकाबले खेलकर फाइनल में पहुंची वेंकटेश्वरा लायंस शुक्रवार को खेले गए एलिमिनेटर मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सुपर स्ट्राइकर्स ने 10 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 74 रन बनाए। जवाब में वेंकटेश्वरा लायंस ने 8.2 ओवर में चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। बता दें कि, वेंकटेश्वरा लायंस ने आज ही क्वालिफायर मुकाबला मथुरा वॉरियर्स के खिलाफ खेला था। इस मैच में टीम को करारी हार का सामना करना पड़ा था।

## पीएम मोदी ने की विक्की कौशल की फिल्म की जमकर तारीफ



**नई दिल्ली।**

फिल्म 'छावा' इन दिनों लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस फिल्म की जमकर सराहना की। भारतीय सिनेमा को आकार देने में महाराष्ट्र और मुंबई की भूमिका पर बोलते हुए उन्होंने कहा, ?ये महाराष्ट्र और मुंबई ही है जिसने मराठी फिल्मों के साथ-साथ, हिंदी सिनेमा को ये ऊंची दी है। और इन दिनों तो, छावा की धूम मची हुई है।

## भारत-बांग्लादेश सीमा बलों के बीच शुरू होगी नई हॉटलाइन

**नई दिल्ली।**

**99 नए क्षेत्रों पर लगेगी बाड़**



भारत और बांग्लादेश अपने-अपने सीमा सुरक्षा बलों के उप कमांडरों के बीच एक नई हॉटलाइन शुरू करने पर सहमत हुए हैं। अभी इन बलों के प्रमुखों के बीच हॉटलाइन है। दोनों देशों ने अपनी साझा सीमा पर बाड़ लगाने के लिए 99 नए क्षेत्रों की पहचान भी की है। सूत्रों के अनुसार, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और बार्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के बीच गुरुवार को यहां महानिदेशक स्तर की बैठक में इन निर्णयों को अंतिम रूप दिया गया। गत पांच अगस्त को बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद दोनों देशों के बीच यह पहली उच्च स्तरीय बैठक हुई। उन्होंने बताया कि 18 से 20 फरवरी तक तीन दिवसीय बैठक सौहार्दपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। इसमें भारतीय पक्ष अपने पड़ोसी को 4,096 किलोमीटर लंबी सीमा के शेष क्षेत्रों पर बाड़ लगाने के महत्व के बारे में समझाने में सफल रहा। यह सीमा पूर्वी छोर पर पांच भारतीय राज्यों तक फैली हुई है। सूत्रों ने बताया कि दोनों पक्षों ने महानिदेशक स्तर की वार्ता में प्रभावी संचार के लिए एक नई हॉटलाइन खोलने का निर्णय लिया गया है। यह संपर्क कोलकाता स्थित बीएसएफ पूर्वी कमान के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) और ढाका स्थित बल के मुख्यालय में तैनात उनके बीजीबी समकक्ष के बीच होगा।

## महिला सम्मान योजना पर सीएम रेखा गुप्ता ने आज बुलाई बैठक

**नई दिल्ली।**

दिल्ली प्रदेश भाजपा का कहना है कि उनकी सरकार दिल्ली में महिला सम्मान योजना के प्रति भाजपा कृतसंकल्प है और वह समय पर योजनाबद्ध आएगी। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री ने शनिवार को योजना पर चर्चा करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक बुलाई है।

दिल्ली सरकार ने महिला सम्मान योजना लागू करने की दिशा में काम शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को इस मामले में बैठक बुलाई है। इसमें योजना के तहत पंजीकरण समेत दूसरी औपचारिकताओं को पूरा



करने की कार्ययोजना पर चर्चा होगी। इसमें बनी सहमति के बाद सरकार इसको लागू करने के बारे में एलान करेगी। इससे पहले शुक्रवार कैबिनेट की पहली बैठक में भी इस पर चर्चा हुई थी, लेकिन उस दौरान इस पर कोई फैसला नहीं हो सका है। इसके बाद से आम आदमी पार्टी चुनावी वायदे की याद दिलाने हुए वादा-खिलाफी का आरोप भाजपा पर लगा रही है। उधर, दिल्ली प्रदेश भाजपा का कहना है कि उनकी सरकार दिल्ली में महिला सम्मान योजना के प्रति भाजपा कृतसंकल्प है और वह समय पर योजनाबद्ध आएगी। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री ने शनिवार योजना की कार्ययोजना पर चर्चा करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक बुलाई है। इसमें योजना के तहत लाभार्थी महिलाओं की पहचान, उनके पंजीकरण और 2500 रुपये की रकम उनके खातों में डालने सरीखे मसलों पर चर्चा होगी।

## सेना प्रमुख ने पाकिस्तान को लताड़ा!

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने भारत के 'चिकन नेक' क्षेत्र के पास पाकिस्तानी सेना और बांग्लादेशी क्षेत्रों में करक अधिकारियों की मौजूदगी बड़ी चिंता का विषय है।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने अगर नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर दबाव बनाने की कोशिश की तो आक्रामकता दिखाने से हम भी नहीं चूकेंगे। जनरल द्विवेदी ने बुधवार को एक साक्षात्कार में कहा कि भारत विरोधी तत्वों में इतनी क्षमता नहीं होनी चाहिए कि वह भारत में आतंकवादियों को भेजने के लिए इस जमीन का इस्तेमाल कर सके।

## पवार के लिए मोदी ने पकड़ी कुर्सी, फिर गिलास में भरा पानी और तालियों से गूंज उठा हॉल

**नई दिल्ली।**




देश की राजधानी दिल्ली में स्थित विज्ञान भवन में 98वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन पीएम मोदी ने किया। कार्यक्रम में महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस, एनसीपी चीफ शरद पवार समेत कई नेता उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक अंदाज लोगों के दिलों को जीत रहा है। दरअसल, चुनावी समय में पीएम मोदी विपक्ष के नेताओं के प्रति कितना भी आक्रामक रहें, लेकिन वह कभी भी उनका सम्मान करना नहीं भूलते। एक ऐसा ही उदाहरण आज सामने आया है, जब पीएम मोदी ने महाराष्ट्र के सीनियर लीडर शरद पवार के बैठने के लिए कुर्सी ठीक की। सोशल मीडिया पर पीएम मोदी का एक वीडियो सामने आया है। ये वीडियो दिल्ली के विज्ञान भवन में 98वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन के उद्घाटन के समय का है। इस दौरान पीएम मोदी और शरद पवार की कुर्सी एक पास लगी थी, जब अपनी कुर्सी पर बैठने के लिए शरद पवार पहुंचे, तो पीएम मोदी उनके लिए कुर्सी खींची। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक गिलास में पानी भरकर शरद पवार की तरफ खिसकाते दिखे। प्रधानमंत्री के इस अंदाज के बाद पूरे ऑडियोटोरियम में तालियों की आवाज गूंज पड़ी। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज शरद पवार जी के निमंत्रण पर मुझे इस गौरवशाली परंपरा में शामिल होने का अवसर मिल रहा है। मराठी भाषा अमृत से भी मीठी है, इसलिए आप मराठी भाषा और मराठी संस्कृति के प्रति मेरे प्रेम से अच्छी तरह परिचित हैं। मैं आप विद्वानों जितना मराठी में पारंगत नहीं हूं, लेकिन मैंने मराठी बोलने, मराठी के नए शब्द सीखने का लगातार प्रयास किया है। पीएम मोदी ने कहा कि इसी दौरान, कुछ महीने पहले, मराठी भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया गया। भारत और दुनिया में 120 मिलियन से अधिक मराठी भाषी लोग हैं। लाखों मराठी भाषी दशकों से मराठी को यह मान्यता मिलने का इंतजार कर रहे थे। मुझे यह कार्य पूरा करने का अवसर मिला, और मैं इसे अपने जीवन का एक बड़ा सौभाग्य मानता हूं।

### क्या बोले पीएम मोदी?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 98वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन के उद्घाटन के दौरान कहा कि आज दिल्ली की धरती पर मराठी भाषा का ये प्रतिष्ठित आयोजन हो रहा है। अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन सिर्फ एक भाषा या एक राज्य तक सीमित नहीं है। मराठी साहित्य सम्मेलन में स्वतंत्रता संग्राम का सार है। 1878 में अपने पहले आयोजन से लेकर अब तक अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन देश की 147 साल की यात्रा का गवाह रहा है।

# आज भारत और पाकिस्तान करेंगे फ्लैग मीटिंग

**नई दिल्ली।**

नियंत्रण रेखा पर सीमा पार से गोलीबारी और आईईडी हमलों के बीच भारत और पाकिस्तान शुक्रवार को फ्लैग मीटिंग करेंगे। सूत्रों के मुताबिक फ्लैग मीटिंग शुक्रवार को नियंत्रण रेखा के पास होगी।

पिछले कुछ दिनों से पाकिस्तान सीमा पर संघर्ष विराम का उल्लंघन करने में जुटा है। पाक आतंकियों ने सीमा पार करने की कोशिश की। इस बीच भारतीय सेना ने भी मुंह



तोड़ जवाब दिया है। सीमा पर भारी गोलाबारी के बीच यह बैठक होने जा रही है। 11 फरवरी को जम्मू के अखनूर सेक्टर में संदिग्ध आतंकवादियों ने इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (कएऊ) हमला किया था। इसमें एक कैप्टन समेत दो जवानों ने बलिदान दिया था। राजौरी और पुंछ जिलों में भी नियंत्रण रेखा पर सीमा पार से गोलीबारी की घटनाएं दर्ज की हैं। यहां अलग-अलग घटनाओं में दो सैन्यकर्मी घायल हुए थे जबकि पिछले सप्ताह बारूदी सुरंग में हुए धमाके में एक अन्य सैन्यकर्मी घायल हुआ था। सीमा पार से किसी भी नापाक हरकत का भारतीय सेना मुंहतोड़ जवाब देने में जुटी है। सेना की जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तानी पक्ष को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। भारत और पाकिस्तान के बीच 25 फरवरी 2021 से सीमा पर संघर्ष विराम लागू है।

### एलओसी पर बैट टीमें सक्रिय

पिछले 15 दिनों से पाकिस्तान ने सीमा पार से अपनी नापाक साजिशों में इजाफा किया है। खबरों के मुताबिक पाकिस्तान ने बॉर्डर एक्शन टीम यानी बैट को सक्रिय कर दिया है। इसके पीछे पाकिस्तान की कुख्यात खुफिया एजेंसी आईएसआई का हाथ बताया जा रहा है। कहा जा रहा है कि बैट टीमें हमले की साजिश रचने में जुटी हैं।

## संपादक की कलम से

### रेखा के हवाले दिल्ली

ढाई दशक बाद भाजपा के दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने के उपरांत ग्यारह दिन की गोपनीयता के बाद बुधवार को नये मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता के नाम का खुलासा हुआ। बृहस्पतिवार को तमाम तामझाम के साथ रामलीला मैदान में उनका राज्याभिषेक भी हो गया। प्रधानमंत्री तथा केंद्रीय मंत्रियों, राजग के घटक दलों के नेताओं और भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों व उप मुख्यमंत्रियों तथा भाजपा के दिग्गजों की उपस्थिति में मुख्यमंत्री के अलावा छह मंत्रियों ने शपथ ली। शपथ लेने के बाद रेखा गुप्ता ने दिल्ली को संपन्न,विकसित, आत्मनिर्भर बनाकर राज्य की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने का संकल्प जताया। वे सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित व आतिशी के बाद चौथी महिला मुख्यमंत्री बनी हैं। यह संयोग ही है कि वे भी दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की तरह वैश्य बिरादरी से ताल्लुक रखती हैं और हरियाणा मूल की हैं। वे हरियाणा मूल की तीसरी मुख्यमंत्री हैं। निस्संदेह, हाल के वर्षों में महिला वोटरों ने राजनीतिक परिदृश्य बदलने में निर्णायक भूमिका निभाई है। फलत: राजनीतिक दलों ने महिला मतदाताओं को लुभाने के लिये लुभावनी योजनाएं घोषित की हैं। ऐसी योजनाओं का असर मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र व झारखंड के हालिया चुनावों में देखने को भी मिला है। ऐसे में रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने महिला मतदाताओं को यह संदेश देने का प्रयास भी किया है कि महिलाएं उसकी राजनीतिक प्राथमिकताओं में शामिल हैं। विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने महिलाओं को हर माह पच्चीस सौ रुपये देने का वायदा इसी मकसद से किया था। वैसे ऐसी ही घोषणाएं कांग्रेस व आप ने भी की थी। उल्लेखनीय तथ्य है कि भाजपा शासित राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में रेखा गुप्ता पहली महिला मुख्यमंत्री हैं। वहीं दूसरी ओर एक बार उनके चयन से भाजपा ने फिर साबित किया कि संघ व उसके आनुषंगिक संगठनों से आये नेताओं को ही शीर्ष पदों के चयन में वरीयता दी जाती है। वहीं रेखा गुप्ता इस मायने में भाग्यशाली हैं कि वे पहली बार विधायक बनने के बावजूद मुख्यमंत्री का ताज हासिल करने में सफल रही हैं। हालांकि, वह भाजपा के विभिन्न संगठनों में पिछले तीन दशकों से सक्रिय रही हैं और तीन बार दिल्ली नगर निगम पार्षद भी रही हैं। हालांकि, इससे पहले दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के पुत्र प्रवेश वर्मा को मुख्यमंत्री बनाये जाने को लेकर खूब चर्चा रही। इसकी वजह उनकी राजनीतिक विरासत के अलावा, उनका आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल को हराना भी था। जनता ने भी उन्हें पूर्व मुख्यमंत्री की टक्कर का मानकर जिताया।



ललित शर्मा
संपादक

## महाकुंभ के बहाने सनातन के अपमान की पराकाष्ठा

प्रयागराज में दिव्य- भव्य महाकुंभ के आयोजन की तैयारियों के समय से ही इंडी गठबंधन के सभी दलों के नेता किसी न किसी बहाने इसकी आलोचना कर रहे थे किन्तु इसके सफलतापूर्वक संचालित होते हुए देखने के बाद तो वो इसको विफल करने के लिए तरह तरह के प्रयास कर रहे हैं और अपने वक्तव्यों से महाकुम्भ मेले की आड़ में सनातन धर्म और हिन्दू आस्था का निरंतर अपमान कर रहे हैं। खडगे के क्या कुम्भ में नहाने से गरीबी दूर होगी, से शुरू हुआ ये अपमान अब महाकुम्भ को मृत्यु कुम्भ कहने तक जा पंहुचा है। बिहार के चारा घोटाले के मुख्य आरोपी न्यायपालिका की दया से जमानत पर बाहर घूम रहे बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने महाकुंभ को फालतू का कुंभ कहा और फिर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सभी सीमाओं को पार करते हुए महाकुंभ को मृत्युकुंभ कह डाला जिससे संपूर्ण हिंदू समाज आक्रोशित है।



मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति में अंधे हो चुके इन सभी दलों के नेताओं को यह महाकुंभ इसलिए रास नहीं आ रहा है क्योंकि यह अब तक का सर्वाधिक सफल महाकुंभ बनने जा रहा है। इस महाकुंभ से सनातन हिंदू समाज की एकता का जो ज्वार उभरा है उससे मुस्लिम परस्त दलों को अपना भविष्य अंधकारमय दिख रहा है। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जिस प्रकार से महाकुंभ को मृत्युंकुभ कहा है उससे यह साफ प्रतीत हो रहा है कि उन्हें अब 2026 में राज्य के विधानसभा चुनावों में संभावित हिन्दू एकता से भय लगने लगा है।

इंडी गठबंधन के कई दलों के प्रमुख नेता जहाँ महाकुंभ की आलोचना कर रहे हैं वहीं उन्हीं दलों के बहुत से नेता वीवीआईपी टीट्रमेंट के साथ गंगा नदी में पुण्य की डुबकी लगा रहे हैं। कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह, डीके शिवकुमार, अजय राय, सचिन पायलट यह सभी माँ गंगा में डुबकी लगा चुके हैं।

यूपी में समाजवादी पार्टी ने तो महाकुंभ के खिलाफ एक नियमित अभियान ही चला दिया है। सपा के प्रवक्ता टीवी चैनलों पर कह रहे है कि हम विरोधी दल हैं हमारा तो काम ही सरकार से व्यवस्थाओं पर सवाल करना है। तो सरकार पर सवाल करो ना, सनातन पर क्यों कर रहे हो? सपा के सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भी महाकुंभ के खिलाफ खूब दुष्प्रचार किया जा रहा है। महाकुंभ -2025 पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के लिए सपा सांसद अफजाल अंसारी पर मुकदमा तक दर्ज हुआ है क्योंकि उन्होंने कहा था कि संगम पर भीड़ देखकर लगता है कि स्वर्ग हाउसफुल हो जायगा।


उत्तर प्रदेश विधान सभा सत्र में बोलते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ को फालतू कुंभ और मृत्यु कुंभ बताने वालों को सटीक और कड़ा जवाब दिया। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में कहा कि सनातन का आयोजन भव्यता से करना अगर अपराध है तो ये अपराध मेरी सरकार ने किया है आगे भी करेगी। मुख्यमंत्री ने अपने बयान में सपा पर हमलावार होते हुए कहाकि सोशल मीडिया हैंडल देखें तो वहां की भाषा उनके संस्कारों को प्रदर्शित करती है यह भाषा किसी सभ्य समाज की नहीं हो सकती। ये लोग अकबर का किला जानते थे लेकिन अक्षयवट और सरस्वती कूप नहीं जानते थे, ये इनके सामान्य ज्ञान का स्तर है। मुख्यमंत्री ने कहा इतने बड़े सनातन धर्म के आयोजन में कोई भूखा नहीं रहा, महाकुंभ में जो आया वो भूखा नहीं गया। मुख्यमंत्री ने संगम जल की गुणवत्ता पर उठाये जा रहे सभी सवालों का जवाब देते हुए कहा कि संगम का पानी न केवल नहाने के लिए अपितु आचमन के लिए भी उपयुक्त हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कर दिया कि संगम व महाकुंभ को बदनाम करने के लिए लगातार झूठा अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संगम और उसके आसपास के सभी पाइप और नलों को टेप कर दिया गया है और पानी को शुद्ध करने के बाद ही छोड़ा जा रहा है। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पानी की गुणवत्ता को बनाये रखने के लिए लगातार निगरानी कर रहा है।

## क्रांतिकारी समाज सुधारक स्वामी दयानंद सरस्वती

(अंजनी सक्सेना -विभूति फीचर्स)

स्वामी दयानंद उन्नीसवीं शताब्दी के एक क्रांतिकारी एवं प्रखर बुद्धि के समाज सुधारक थे। जन्म आधारित वर्ण व्यवस्था को वेद-विरुद्ध समझकर उन्होंने समाज को वेदों की सच्चाई बताई। जाति प्रथा एवं आडम्बरों का विरोध किया। उनके खिलाफ सामाजिक न्याय की लड़ाई प्रारंभ की। इस तरह भारतीय समाज को न्याय का मार्ग दिखाकर भारतीय राष्ट्रवाद की अवधारणा को प्रस्थापित किया। एक भाषा, एक देश व स्वराज के बीज बोये।

स्वामी दयानंद ने भारतीय संस्कृति और नवयुवकों को नव जागरण के लिए प्रेरित किया तो वह शुद्ध स्वदेशी प्रेरणा थी तथा उनकी स्वयं की अन्तःप्रज्ञा का परिणाम थी। वे पश्चिमी बौद्धिकतावादी विचारकों से न तो प्रभावित हुए और न ही उनका अनुगमन किया। वे तो अपनी बाल्यावस्था से ही एक तार्किक सन्यासी के समान चिन्तन करते थे। बिना किसी स्कूल व कॉलेज में विधिवत शिक्षा लिए उन्होंने विद्वान साधु-संन्यासियों से तर्क-वितर्क और धार्मिक ग्रंथों की बौद्धिक विवेचना करना प्रारंभ किया था। उन्होंने व्रत धारण किया था कि संस्कृत भाषा में ही भाषण देना और वातार्लाप करेंगें। बाद में वे हिन्दी भाषा में जन सामान्य से संपर्क करने लगे। अतः यह उनकी शुद्ध आत्ममंथन की सृजनात्मक व सकारात्मक प्रवृत्ति थी, जिसने उनको भारतीय नव जागरण के लिए प्रेरित किया। उन्होंने भारतीय समाज को अंधी आस्था की खाई से निकालकर शुद्ध वातावरण में लाने का प्रयास किया। उन्होंने जड़प्रज्ञ अंध समाज को जगाने और बुद्धिवादी अनुभव परख स्वस्थ परंपराओं से जोड़ने का प्रयास किया, जिसकी आज भी जरूरत है। उनके प्रयासों से बुद्धि की उपासना की सर्वश्रेष्ठ प्रार्थना जो स्त्री-शूद्र सहित समाज के विभिन्न वर्गों के लिए वर्जित थी, सबको उपलब्ध हो सकी। इसका ही परिणाम है कि आज विद्या व बुद्धि की प्रेरक मां गायत्री की प्रार्थना हर स्थान पर हर कोई करके अपनी प्रज्ञा शक्ति को बढ़ा रहा है। उन्होंने सभी धर्मों में अंधविश्वासों का खण्डन किया। उदारता को राष्ट्रवाद की विस्तृत अवधारणा दी, जिसमें धर्म व जाति नहीं इंसान व बुद्धि की सच्ची भावना थी। आज दयानंद को याद किया जाता है। उन्हें भारतीय नव जागरण का अग्रदूत व स्वाधीनता व स्वदेशी का मूर्त रूप समझा जाता है, परंतु उनके अनुयायी सामाजिक बदलाव व बुद्धिवादी विचार से कुरीतियों व अंधविश्वास से लड़ना भूल रहे हैं। स्वामी दयानंद ने कुंभ के मेले में हरिद्वार में एकत्रित अंधविश्वासियों के विचारों का खण्डन कर काशी के विद्वानों से शास्त्रार्थ करके उदार राष्ट्रीयवाद का मार्ग बतलाया, जिसमें न हिंदू न मुसलमान और न ईसाई का भेद था। भेद था तो आडम्बरों का। इन आडम्बरों का उन्होंने बुद्धिवाद से खण्डन किया।



आज दुर्भाग्य है कि देश के अनेक राजनेता अपना राजनैतिक प्रभाव बढ़ाने के लिए जातिवाद का सहारा ले रहे हैं। दयानंद ने बुद्धिवाद के सहारे जातिगत सम्मेलनों व उत्सवों तक का विरोध किया था। आज दयानंद जी की जरूरत है क्योंकि भारत में पहले जो आडम्बरयुक्त जातीय घृणा थी,उसे कतिपय राजनीतिक नेताओं द्वारा अपने स्वार्थ के लिए और अधिक प्रश्रय दिया जा रहा है। (विभूति फीचर्स)

## उदय किशोर साह



### सब्र तैरा है वरदान

कविता

कितना लेगा तुम हमारा इम्लहान
सब्र भी तेरा हमें मिला है वरदान
ठोकर खाकर धरा पे हर मानव
बनता है इन्सान से इक दिन महान

जिंसने तुमको कल तक रूलाया है
वो ही कल तुमको ही हँसायेगा
तेरे उजड़े हुए टुटा आशियाना
वो ही कल तुमको भी बसायेगा

मत घबराना है तुम्हें इस झंझावत से
मत भय खाना है खड़ा गिरिराज से
जब समय तेरा साकारात्मक आयेगा
दुश्मन भी आयेगा तेरे आवाज से

उम्मीद की चिरागा बुझने मत देना
हिम्मत की नाव पे चलता बढ़ता जा
अपनी सफर जारी रख मानव
एक दिन मंजिल खुद दर पे आयेगा

इम्तहान वो ही सफलता है पाता
जो करता है मिहनत लगन से काम
फल कर्मों का देता है वो। विधाता
जिसने दिया है सब्र का इम्तहान

## क्या जघन्य अपराधियों की न सुनी जाये पैरोल की अर्जी?






-डॉ. सत्यवान सौरभ, स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तंभकार, हरियाणा

पैरोल सुधार और पुनः एकीकरण पर आधारित है, लेकिन जब इसका उपयोग गंभीर अपराधों के लिए किया जाता है, तो यह नैतिक और कानूनी दुविधाएँ पैदा करता है। मानवाधिकारों और पुनर्वास के सिद्धांतों को ध्यान में रखा जाना चाहिए, भले ही न्याय दंड और रोकथाम की मांग करता हो। आपराधिक न्याय प्रणाली में एक महत्त्वपूर्ण कदम पैरोल है। यह कैदियों को समाज में पुनः एकीकृत करने में सहायता करने के लिए दिया जाने वाला एक प्रकार का विचार है। यह कैदी की सामाजिक पुनर्प्राप्ति के लिए एक उपकरण से अधिक कुछ नहीं है। हालाँकि, हाल के वर्षों में, इस विचार में एक महत्त्वपूर्ण बदलाव आया है क्योंकि अमीर और शक्तिशाली वर्ग ने जेल में समय बिताने से बचने के लिए पैरोल का उपयोग करना शुरू कर दिया है। दूसरी ओर, लाखों अन्य कैदी, जिनके पैरोल के अनुरोधों को अनदेखा किया जाता है, उनके पास प्रक्रिया का लाभ उठाने के लिए संसाधनों की कमी होती है, या उन्हें कमजोर आधारों के आधार पर गलत तरीके से लाभ से वंचित किया जाता है क्योंकि वे गरीब और शक्तिहीन हैं। चूँकि हमारी जेलें अहिंसक अपराधियों से सचमुच भरी हुई हैं, इसलिए पैरोल से जेल में बंद लोगों को अपने प्रियजनों के साथ अपनी सजा के बचे हुए हिस्से को पूरा करने का मौका मिलता है, जबकि कानून प्रवर्तन एजेंसियों की उन पर कड़ी नजर रहती है। यह हर दिन लाखों रुपयों की टैक्स बचत करता है और पूरे समाज के लिए एक बेहतरीन व्यवस्था है। बहुत कम बार आप किसी हिंसक अपराधी के बारे में सुनते हैं जो पैरोल पर रिहा हुआ और फिर एक और हिंसक अपराध करने लगा।

ज्यादातर हिंसक अपराधी किसी भी मामले में अपनी सजा का कम से कम 85% हिस्सा पूरा करते हैं। लेकिन इसमें कोई दोराय नहीं है कि पैरोल से पीड़ितों और उनके परिवारों की न्याय की भावना कमजोर हो सकती है। आतंकवाद, बलात्कार और हत्या जैसे जघन्य अपराधों के खिलाफ मजबूत रोकथाम होनी चाहिए। रोकथाम बनाए रखने के लिए, 2012 के निर्भया मामले के दोषियों को पैरोल नहीं दी गई। कैदियों की समय से पहले रिहाई से समाज को खतरा हो सकता है, खासकर तब जब वे बार-बार अपराध करते हों। बार-बार अपराध करने के कारण, 2013 के शक्ति मिल्स सामूहिक बलात्कार मामले के दोषियों को पैरोल नहीं दी गई। राजनीतिक प्रभाव से न्याय में विश्वास को नुकसान हो सकता है जिसके परिणामस्वरूप पैरोल की मंजूरी मिलती है जो वारंटेड नहीं होती है। टी. पी. चंद्रशेखरन हत्या मामले में पैरोल कथित तौर पर राजनीतिक दबाव के कारण दी गई थी। इन अपराधों में शामिल क्रूरता और पूर्व-योजना के कारण, सुधार चुनौतीपूर्ण है। 2018 के कठुआ बलात्कार मामले ने स्पष्ट कर दिया कि दया से रहित कठोर दंड की आवश्यकता है। भारतीय न्यायालयों के अनुसार, संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत पैरोल पर रिहा किए गए लोगों को संतानोत्पत्ति और विवाह के अपने अधिकारों का प्रयोग करने की अनुमति है। हालाँकि, चूँकि विवाह के अधिकार को कानून द्वारा मान्यता नहीं दी गई है, इसलिए इस आधार पर पैरोल देने से समलैंगिक कैदियों के समानता के अधिकार से समझौता होता है।

कैदियों की समय से पहले रिहाई से समाज को खतरा हो सकता है, खासकर तब जब वे बार–बार अपराध करते हों। हाल के वर्षों में, इस विचार में एक महत्त्वपूर्ण बदलाव आया है क्योंकि अमीर और शक्तिशाली वर्ग ने जेल में समय बिताने से बचने के लिए पैरोल का उपयोग करना शुरू कर दिया है। दूसरी ओर, लाखों अन्य कैदी, जिनके पैरोल के अनुरोधों को अनदेखा किया जाता है, उनके पास प्रक्रिया का लाभ उठाने के लिए संसाधनों की कमी होती है, या उन्हें कमजोर आधारों के आधार पर गलत तरीके से लाभ से वंचित किया जाता है क्योंकि वे गरीब और शक्तिहीन हैं। –डॉ. सत्यवान सौरभ

सभी कैदियों के लिए समानता और समावेशिता की गारंटी देने के लिए, न्यायालय अनुच्छेद 21 के तहत अंतरंगता के अधिक सामान्य अधिकार से पैरोल को जोड़ सकते हैं। नेल्सन मंडेला नियम (2015), कैदियों के उपचार के लिए संयुक्त राष्ट्र मानक न्यूनतम नियम, का एक प्रमुख घटक सुधार है। पैरोल एक अधिकार है, न कि विशेषाधिकार, जैसा कि न्यायमूर्ति कृष्ण अय्यर ने कई फैसलों में जोर दिया है। सामान्य प्रतिबंध होने के बजाय, व्यवहार मूल्यांकन के आधार पर पैरोल दी जानी चाहिए। आजीवन कारावास की सजा काट रहे कैदियों के पुनर्वास के परिणामस्वरूप 2023 में महाराष्ट्र में पुनरावृत्ति में कमी आई। पैरोल अनुरोधों का मूल्यांकन न्यायालयों द्वारा पहले से ही योग्यता के आधार पर किया जाता है, जिससे सुरक्षा और न्याय की गारंटी मिलती है।

हरियाणा राज्य बनाम जय सिंह (2003) में, सर्वोच्च न्यायालय ने पुष्टि की कि पैरोल निष्पक्ष मानकों के अनुसार दी जानी चाहिए। अनुच्छेद 21 (सम्मान के साथ जीवन जीने का अधिकार) का उल्लंघन पैरोल की संभावना के बिना जेल में आजीवन कारावास द्वारा किया जा सकता है, यदि सुधार प्रदर्शित किया जाता है। श्रीहरन (2015) के अनुसार, किसी को पैरोल से पूरी तरह से वंचित करना असंवैधानिक है। नॉर्वे जैसे देशों में धीरे-धीरे पुनः एकीकरण पर जोर देकर, यहाँ तक कि जघन्य अपराधों के लिए दोषी ठहराए गए लोगों के लिए भी पुनः अपराध दर कम हो गई है। पुनर्वास न्याय के अपने मॉडल की बदौलत नॉर्वे में दुनिया में पुनरावृत्ति की सबसे कम दरें हैं।

जैसा कि आमतौर पर जाना जाता है, मजबूत प्रशासनिक और राजनीतिक दबाव से पैरोल प्रशासन की प्रभावशीलता बाधित हुई है। कार्यक्रम के लक्ष्य से नियमित रूप से समझौता किया जाता है और कई अनुचित अपराधियों को प्रत्यक्ष परिणाम के रूप में पैरोल दी जाती है। पैरोल के सम्बंध में, एक अच्छी तरह से परिभाषित न्यायिक नीति आवश्यक है और किए गए कार्यकारी कर्तव्यों की अदालतों द्वारा समीक्षा की जानी चाहिए।

हमारे कानून निमार्ताओं के लिए हमारी आपराधिक न्याय प्रणाली में सुधार के लिए आवश्यक बदलाव करने का समय आ गया है। इन बदलावों में कैदियों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए प्रगतिशील तरीके से पर्यवेक्षित रिहाई प्रणाली को लागू करने के लिए मजबूत दिशा-निर्देश बनाना, लगातार पैरोल कानून बनाकर यह साबित करना कि यह पुनर्वास के लिए एक प्रभावी उपकरण है और भारत में पैरोल के दुरुपयोग को रोकने के लिए जाँच और संतुलन स्थापित करना शामिल होना चाहिए। सरकार को जेलों में भीड़भाड़ के बारे में चिंतित होना चाहिए और उन्हें तुरंत इस पर गौर करना चाहिए। भयानक अपराधों के लिए पैरोल को सीमित करते समय न्याय, निवारण और पुनर्वास सभी पर विचार किया जाना चाहिए। सख्त न्यायिक निगरानी के साथ पारदर्शी, योग्यता-आधारित दृष्टिकोण का उपयोग करके व्यापक प्रतिबंधों के बिना सार्वजनिक सुरक्षा और नैतिक निष्पक्षता की गारंटी दी जा सकती है। पैरोल एक ऐसी चीज है जिसकी उपेक्षा नहीं की जा सकती, जैसा कि स्पष्ट है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# पुलिस उपाधीक्षक ने किया कपकोट थाने का अर्धवार्षिक निरीक्षण

वेलकम इंडिया

**बागेश्वर।** पुलिस उपाधीक्षक अजय लाल शाह नेथाना कपकोट का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया।जहां उन्होंने थानाध्यक्ष खुशवंत सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मियों से संवाद कर उनसे हाल चाल जाना, और ड्यूटी में रहते हुए ईमानदारी पूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। सीओ अजय लाल साह ने थाना कार्यालय, मालखाना, भोजनालय, बैरिक, हवालात आदि का मुआयना करते हुए थाना अभिलेखों,सीसीटीएनएस, आपदा प्रबंधन के उपकरणों व थाने में मौजूद अस्लाह/कारतूसों का निरीक्षण किया। साथ ही थाने परिसर में सफाई की उचित व्यवस्था बनाने, परिसर में जगह जगह विभिन्न प्रकार के सजावटी फूलों की वाटिका बनाने, और यथासम्भव सभी प्रकार की व्यवस्थाएं चाक चौबंद रखने के निर्देश थानाध्यक्ष को दिए।उन्होंने सभी कार्मिकों का सम्मेलन



लेकर निजी, पारिवारिक, विभागीय समस्याओं के बारे में जानकारी ली।पुलिस उपाधीक्षक द्वारा थाने में नियुक्त समस्त पुलिसकर्मियों से शस्त्रों के संबंध में जानकारी लेकर शस्त्रों की हैंडलिंग कराई गई तथा शस्त्रों की उचित साफ-सफाई/ररखरखाव रखने, थाना अभिलेखों व ऑनलाइन पोर्टलों को अपडेट रखने,पुलिस क्षेत्र में बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन हेतु सघन चैकिंग अभियान चलाकर विधिक कार्यवाही करने, लम्बित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण करने तथा लम्बित शिकायतों/जांच प्रार्थना पत्रों का समय पर निस्तारण कर न्यायालय से प्राप्त आदेशिकाओं को भी शत-प्रतिशत तामील करने, महिला/बाल अपराधों व साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु स्कूलों/कॉलेजों एवं सार्वजनिक स्थानों में अधिक से अधिक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को आवश्यक जानकारी देकर जागरूक करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पुलिस उपाधीक्षक द्वारा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखते हुए क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति, अवैध मादक पदार्थों की बिक्री एवं नशा करने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ अभियान चलाकर वैधानिक कार्रवाई तेज करने,112 सहित पुलिस क्षेत्र में किसी भी फरियादी द्वारा कोई शिकायत दर्ज करने पर सभी के साथ मित्रवत व्यवहार करते हुए किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर गहनता से जांच करने और समय से सभी शिकायतों का निपटारा करने, सभी वादों को तत्काल ऑनलाइन दर्ज करने, के निर्देश भी दिए।

## 162 मेरिटोरियस छात्रों को जिलाधिकारी गोरखपुर विवि की कुलपति 23 को करेंगे सम्मानित

**संतकबीरनगर।** बुनियाद टैलेन्ट सर्च परीक्षा के मेधावी छात्रों को 23 फरवरी 2025 दिन रविवार को एक भव्य कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर और गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर पूनम टंडन होंगी. जबकि राजकीय कन्या इन्टर कालेज खलीलाबाद की प्रधानाचार्या सबीहा मुमताज विशिष्ट अतिथि होंगी। बुनियाद टैलेन्ट सर्च परीक्षा का आयोजन इस वर्ष 9 फरवरी को किया गया था। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बुनियाद टीम के सब-कोआर्जिनेटर मोहम्मद अहमद खान ने बताया कि इस वर्ष परीक्षा में कुल 1034 बच्चों ने प्रतिभाग किया था। परीक्षा के नतीजे रविवार 16 फरवरी 2025 को जारी हुए। जिसमें जूनियर वर्ग में कुल 91 छात्रों ने मेरिट में अपनी जगह पक्की की। वहीं सीनियर वर्ग में 71 बच्चों ने अपना परचम बुलन्द किया।

# नशे को ना, जीवन को हां कहें! युवा

वेलकम इंडिया

**बागेश्वर।** जिला अधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में शिक्षा संस्थानों, महाविद्यालयों और पॉलिटेक्निक प्रमुखों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुमार आदित्य तिवारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी जसमीत कौर सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान डीएम ने प्रदेश में संचालित विभिन्न नशा मुक्ति कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की और संस्थानों को इनके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति का ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज का विनाश कर देता है। इसके कारण युवा अपनी शिक्षा, करियर और पारिवारिक रिश्तों से दूर हो जाते हैं, जिससे सामाजिक ताना-बाना कमजोर हो जाता है। डीएम ने निर्देश दिए कि शैक्षणिक संस्थानों में व्यापक स्तर पर नशा मुक्ति अभियान चलाया जाए और सोशल मीडिया के माध्यम से भी प्रचार-



■ जिलाधिकारी ने उच्च शिक्षण संस्थानों महाविद्यालयों के प्राचार्यों के साथ ली वीसी के माध्यम से बैठक

प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक युवाओं तक यह संदेश पहुंचे।

उन्होंने सभी संस्थानों से आग्रह किया कि वे छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए कार्यशालाएं, सेमिनार और प्रेरणादायक सत्र आयोजित करें। साथ ही, उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि नशा मुक्ति को थीम बनाकर एक ह्ययुवा महोत्सवह्ल आयोजित किया जाए, जिसमें निबंध लेखन, रंगोली, मेंहदी, पोस्टर मेकिंग, फैशन वॉक जैसी प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं को नशा मुक्त जीवन की ओर प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि जब युवा खुद अपनी सोच से नशे के खिलाफ खड़े होंगे, तभी यह अभियान सफल होगा।डीएम ने कहा कि नशे की लत एक धीमा जहर है, जो न केवल शरीर को खोखला करता है बल्कि मानसिक और भावनात्मक स्तर पर भी व्यक्ति को बर्बाद कर देता है। यदि समय रहते युवा इस अंधकारमय रास्ते से न हटे, तो उनका भविष्य अंधकारमय हो सकता है।

उन्होंने सभी सदस्यों को निर्देश दिया कि वे इस अभियान को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाएं। नशे को ना कहें, जीवन को हां कहें!।इस दौरान समाज कल्याण अधिकारी, राजकीय पॉलिटेक्निक कालेज के प्राचार्य, सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# डीएम व एसपी तामेश्वरनाथ शिव मन्दिर का निरीक्षण कर लिया जायजा, दिये गये आवश्यक दिशा निर्देश

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा संयुक्त रुप से आगामी पर्व महाशिवरात्रि के दृष्टिगत तामेश्वरनाथ शिव मन्दिर में शिवरात्री पर्व के सम्बन्ध में की जा रही तैयारियों, कानून व्यवस्था एवं मन्दिर में आने वाले श्रद्धालओं की सुरक्षा व्यवस्था व भीड़ प्रबन्धन हेतु की गई व्यवस्था आदि के संबंध में जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जलाभिषेक के लिए लगने वाली लाइन की बैरिकेटिंग व रुट डायवर्जन के बारे में जानकारी ली गयी।

अधिकारीद्वय द्वारा मेला स्थल के आसपास सीसीटीवी लगवाने, अग्निशमन दल व वालेण्टियर्स की



सेवा लेने के साथ ही खोया पाया कैम्प आदि स्थापित करने के लिये निर्देशित किया गया, साथ ही मेला आयोजकों व स्वयंसेवी संस्थाओ के सदस्यों से बात-चीत कर जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं के आवागमन मार्ग, विश्राम स्थान, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं भोजन व्यवस्था आदि से सम्बन्धित विभिन्न बिन्दुओं पर वार्ता करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान तहसीलदार सदर जनार्दन, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद पंकज कुमार पाण्डेय सहित सम्बंधित अधिकारी/कर्मचारी व मेला प्रबन्धन कमेटी के सदस्यगण आदि उपस्थित रहे।

## भागवताश्रय में युगल सरकार का प्रथम पाटोत्सव 22 को

**वृन्दावन।** रुक्मिणी विहार/तेहरा रोड़, श्याम तपोवन कॉलोनी स्थित भागवताश्रय में युगल सरकार का प्रथम पाटोत्सव (वार्षिकोत्सव) दिनांक 22 फरवरी 2025 को विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के मध्य अत्यन्त श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ आयोजित किया गया है। जानकारी देते हुए डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने बताया है कि अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भागवताचार्य पण्डित विमल कृष्ण पाठक के पावन सानिध्य में आयोजित होने वाले इस पाटोत्सव में 22 फरवरी 2025 को प्रातः 09 बजे वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य युगल सरकार का पंचामृत से अभिषेक होगा।तत्पश्चात वेदज्ञ ब्राह्मणों के द्वारा सहस्त्रार्चन व सुंदरकांड का संगीतमय सामूहिक पाठ किया जाएगा।महोत्सव का समापन संत, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारे के साथ होगा।

# बीएसए महाविद्यालय, मथुरा में एनिमेशन एवं साइबर सिक्योरिटी विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** दिनांक 21.02.2025 को बी०एस०ए० कॉलेज, मथुरा के कम्प्यूटर सांइस विभाग में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन ₹एनिमेशन एवं साइबर सिक्योरिटी₹ विषय पर सम्पन्न हुआ जिसमें श्री सौरभ गुप्ता, निदेशक, मैक एनीमेशन इन्स्टीट्यूट, मथुरा, श्री अर्पित अग्रवाल, सेल्स हैड एवं श्री अनुपम गुप्ता, तकनीकि विशेषज्ञ साइबर सिक्योरिटी ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए आधुनिक समय में तकनीकि ज्ञान से अवगत कराते हुए तकनीकि ज्ञान को रोजगार प्राप्त करने में महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने अपने-अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को वर्तमान समय में तकनीकि शिक्षा के महत्वपूर्ण योगदान



से अवगत कराया और तकनीकि ज्ञान को ही भविष्य के लिए आवश्यक बताया।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० (डॉ०) ललित मोहन शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि वर्तमान भारतीय शिक्षा के परिप्रेक्ष्य में रोजगारपरक पाठ्यक्रम की महती भूमिका है जिसके लिए तकनीकि ज्ञान ही एक मात्र विकल्प है। महाविद्यालय स्तर पर पिछले दो वर्ष से प्लेसमेन्ट सेल की स्थापना की गई है जिसके माध्यम से महाविद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को बड़ी कम्पनियों, अच्छे शिक्षण संस्थानों में अच्छे पैकेज सैलरी पर रोजगार के अवसर प्राप्त हुये हैं। महाविद्यालय का प्रयास है कि यहाँ अध्ययनरत छात्र-छात्राएँ राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा रोजगार प्राप्त कर अपना, अपने परिवार का एवं महाविद्यालय का नाम रोशन करें।

कार्यशाला में महाविद्यालय के प्रो० एस० के० सिंह, प्रो० एस० के० राय, डॉ० वी०पी० राय, डॉ० रवीश शर्मा, डॉ० बी० के० गोस्वामी, डॉ० संजय कुमार, डॉ० तरूण पाठक, डॉ० संतोष शर्मा, डॉ० प्रगति शर्मा आदि उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम का संचालन डॉ० नीरेन्द्र कुमार ने किया।

## क्षेत्र में हुई ओलावृष्टि से किसानों के चेहरे मुरझाए



**बुगरासी।** गुरूवार की रात में हुई बरसात से किसानों को ? भारी नुकसान है। ओलावृष्टि होने के कारण फसलों में नुकसान है।ओले जिस गेंहू की बाल पर गिर जायेगा उस बाल को खराब कर ही देगा।जिससे निकट भविष्य में किसान को आर्थिक हानि का सामना करना पड़ेगा।इसी तरह। ईख में भी ओलावृष्टि से नुकसान है। क्योंकि ओला अगोरे पर पड़ेगा तो पत्ता फट जायेगा जिससे पशुओं को चारे की समस्या पैदा होगी। अगर बगैर ओलावृष्टि के बरसात होती तो फसलों को कोई नुक्सान नहीं होता। किसान तो बेचारा भगवान भरोसे है करें तो क्या करें।

# भाजपा समर्थित राष्ट्रवादी मुस्लिम पसमांदा महाज ने दिल्ली की मुख्यमंत्री को दी बधाई

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** भाजपा समर्थित राष्ट्रवादी मुस्लिम पसमांदा महाज ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को बधाई दी है। भाजपा मण्डल अध्यक्ष कन्हैया यादव, भाजपा समर्थित राष्ट्रवादी मुस्लिम पसमांदा महाज के जिला प्रभारी जुबेर अहमद शाह ने कहा कि भाजपा की बढ़ती लोकप्रियता से विपक्षी दल हताश हैं।

भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास के सिद्धांत पर काम कर रही है यही कारण है कि आज आम जनमानस प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरा विश्वास कर रहा है। इस अवसर पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष कन्हैया यादव, भाजपा समर्थित राष्ट्रवादी मुस्लिम पसमांदा महाज के जिलाध्यक्ष शहंशाह, जिला प्रभारी जुबेर अहमद शाह, जिला उपाध्यक्ष मुहम्मद अशरफ इद्रीसी, वहीद अहमद मंसूरी, वहाबुद्दीन, मुहम्मद एयान, इसरार अहमद शाह, मुहम्मद साबिर, अल्ताफ हुसेन सलमानी आदि मौजूद रहे।

# कुरान करीम एक किताब नहीं बल्कि मोजिजा है तथा अल्लाह पाक का भेजा हुआ इंसानों के लिए एक तोहफा है: कारी रहमतुल्लाह नदवी

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** विकास खंड सेमरियावा क्षेत्र के बुढानगर (मदाईन) स्थित मदरसा अरबिया मदीनतुल ऊलूम हाफिजे कुरान की दस्तारबंदी की गयी इस दौरान भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूआत कारी अब्दुस्समद द्वारा तेलावते कुरान पाक से की गयी।उसके उपरांत मोगीश अहमद ने हम्दिया कलाम पढ़कर महफि ल में शमा बांधा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हजरत मौलाना डॉ अबु तालिब साहब कासमी ने कहा कि हमारे नबी हजरत मुहम्मद सल्ल.इल्म की



दौलत लेकर आए थे तथा कुरान पाक की पहली आयत इकरा का मतलब भी तालीम से ही है।

उन्होंने कहा कि मस्जिदे नबवी सिर्फ नमाज ही नहीं बल्कि इल्म की भी पहली मस्जिद थी। उन्होंने कहा कि शिक्षा लड़के और लड़कियों दोनों की जरूरी है इससे कोई समझौता न हो उन्होंने यह भी कहा कि तालिब इल्म शरीफाना तौर तरीके और करीमाना अखलाक अपनाएं। मुख्यातिथि उस्ताद फिक्र, उस्ताद हदीस नदवतुल ओलमा लखनऊ कारी रहमतुल्लाह नदवी ने कहा कि नमाज और रोजे का एहतमाम करें।

उन्होंने कहा कि कुरान करीम एक किताब नहीं बल्कि मोजिजा है तथा अल्लाह पाक का भेजा हुआ इंसानों के लिए एक तोहफा है यह मुकद्दस किताब सिर्फ मुसलमानों के लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए है यह एक हिदायत है। उन्होंने कहा कि लोगों की मृत्यु के बाद चालीसवां करना,दावत करना इस्लाम के नजदीक सही नहीं है बल्कि गरीबों, यतीमों और मिस्कीनों की मदद करो।

हजरत मौलाना मुफ्ती मो.साजिद ने कहा कि दीन और कुरान पाक के बताए रास्ते पर चलें,बुराई से दूर रहें तथा मजबूरों की मदद करें। कार्यक्रम का संचालन मौलाना महमूदुर्रहमान कासमी ने किया।इस दौरान कुरान पाक कंठस्थ कर चुके बच्चों की हौसला अफजाई की गई और उनको सम्मानित किया गया। शायर असद बस्तवी ये वक्त के नमरूदों से सज्दादों से कह दो, इस्लाम था इस्लाम है इस्लाम रहेगा।

# महर्षि विद्या मंदिर स्कूल में लगा केएम का नि:शुल्क स्वास्थ्य कैम्प

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** केएम मेडीकल एंड हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने नन्हें-मुन्हें बच्चों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें नि:शुल्क दवा के साथ स्वस्थ रहने के टिप्स दिए।

विदित रहे कि कृष्ण मोहन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी पूर्व से ही शिक्षा और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते रहे है। उनके द्वारा ग्रामीण अंचलों में नि:शुल्क स्वास्थ्य कैम्प लगाकर लोगों को स्वस्थ जीवन प्रदान करने की मुहीम आपके गांव आपके द्वार के तहत आज केएम चिकित्सक कान्हा की नगरी के हर एक गांव में पहुंच रहे है। इसी श्रृंखला में केएम अस्पताल की प्रचार प्रसार टीम ने गिरधरपुर कॉलौनी स्थित महर्षि विद्या मंदिर स्कूल में प्रधानाचार्य व प्रबंधक के सहयोग से अध्ययनरत बच्चों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया।



जिसमें दंत विभाग के डा. अरूण कुमार, मेडीसन विभाग के डा. अमान मलिक ने स्कूल के प्रबंधक व आरएसएस के नगर कार्यवाहक धर्मेन्द्र सिंह, शिक्षक शिक्षिकाओं के सहयोग से सैकड़ों बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया एवं छोटी मोटी बीमारियों की नि:शुल्क दवा भी मुहैय्या कराई।

स्वास्थ्य कैम्प में चिकित्सकों ने मुख्य रूप से बदलते मौसम में बीमार बच्चे एवं दांतों की समस्याओं सहित अन्य बीमारियों की जांच की। महर्षि विद्या मंदिर स्कूल के प्रबंधक धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि आज के नि:शुल्क स्वास्थ्य कैम्प में अध्ययनरत बच्चों के अभिभावकों ने भाग लिया तथा अभिभावकों सहित शिक्षक शिक्षिकाओं ने इस पुनीत कार्य के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष एवं केएमयू के कुलाधिपति किशन चौधरी की प्रशंसा एवं आभार जताया है। कैम्प में सहयोग करने वाले मार्केटिंक मैनेजर आमीन खांन, हरेन्द्र सिंह कुंतल, कान्हा, नर्सिंग की भारती वर्मा, लैब व ब्लड बैंक इंचार्ज जसवंत सिंह आदि रहे।

# विधानसभा में गूंजा निषाद आरक्षण और बखिरा बर्तन उद्योग का मामला

वेलकम इंडिया

**बेलहर संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश की विधानसभा के बजट सत्र में मेहदावल के विधायक अनिल कुमार त्रिपाठी ने राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उत्तर प्रदेश के निषाद, बिंद, केवट, मल्लाह, कश्यप और अन्य जातियों को अनुसूचित जाति की आरक्षण श्रेणी में शामिल करने के लिए जोरदार आवाज उठाई। इसके साथ ही उन्होंने ओडीओपी योजना में चयनित बखिरा बर्तन उद्योग की स्थिति पर शासन का ध्यान आकर्षित किया।

अनिल कुमार त्रिपाठी ने बखिरा बर्तन उद्योग की बदहाली के लिए पूर्व सरकारों को दोषी ठहराया और सरकार से यह आग्रह किया कि यह प्राचीन उद्योग है, लेकिन उचित देखरेख और व्यवस्थाओं की कमी के कारण यहां के कारीगर और उद्यमी पलायन करने को मजबूर हो रहे हैं।



उन्होंने महाकुंभ की व्यवस्थाओं की तारीफ करते हुए कहा कि वे लोग ही इसकी आलोचना कर रहे हैं जो पूरी तरह से सनातन धर्म के विरोधी हैं, परिवारवादी हैं और जिनका जनता के हित से कोई सरोकार नहीं है।

निषाद आरक्षण पर उन्होंने कहा कि आज देश और प्रदेश में भाजपा की सरकार है और जो भी कानूनी अड़चनें इसमें आ रही हैं, उन्हें दूर करके शीघ्र ही मछुआ, निषाद, केवट, मल्लाह, बिंद, कश्यप जैसी 17 जातियों को अनुसूचित जाति की श्रेणी में शामिल किया जाए।

# 4 हजार का बिल संशोधित कर 42 हजार किया

वेलकम इंडिया

**कांडा।** लंबी लड़ाई के बाद आखिरकार कमस्यार के बिजली उपभोक्ताओं की समस्या ऊर्जा निगम ने सुनी। शिविर लगाकर बढ़े हुए बिलों को संशोधित किया। साथ ही 70 हजार की वसूली भी विभाग ने की है। सबसे अधिक बढ़े 74 हजार के बिल को संशोधित कर 42 हजार किया। इतना ही नहीं बिल जमा करने के लिए किस्त भी बांधी है।

मालूम हो कि कमस्यार क्षेत्र में ऊर्जा निगम ने लोगों को भारी भरकम बिल थमा दिए। इसमें 25 हजार से लेकर 74 हजार रुपये तक के बिल शामिल थे। जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने ऊर्जा निगम को शिविर लगाकर समस्या के समाधान के निर्देश दिए। इसके बाद निगम ने गुरुवार को इंटर कॉलेज देवतोली में शिविर लगाया। ठांगा गांव निवासी विमला देवी ने अधिकारियों को अपनी पीड़ा बताई। कहा कि उसे 74



■ बिल जमा करने के लिए बनाई किस्त

■ 70 हजार की धनराशि वसूली विभाग ने

हजार का बिल मिला है। उसे संशोधित कर 42 हजार का कर दिया गया हैं। दयनीय स्थिति को देखते हुए किश्तें तय कर दी हैं। उपभोक्ता ने चेक मीटर के लिए भी आवेदन किया है। पूरन राम ठांगा वालों का बिल 68 हजार रुपये था, जिसे 32 कर दिया गया। दीवानी राम देवलेत वालों का बिल 26 हजार रुपये था, उसे ठीक कर 11 हजार कर दिया है। शिविर में कई लोगों की समस्याओं का समाधान हुआ। ऊर्जा निगम ने 70 हजार से अधिक की वसूली भी की। खराब मीटरों के लिए आवेदन करने की बजाए 1912 टॉल फ्री नंबर पर काल करके ही मीटर बदला जाता है। इस मौके पर जेई मदन मोहन जोशी, विभागीय कर्मचारी पंकज रौतेला, उमेश पंत मौजूद रहे। इस मौके पर पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य सतीश उप्रेती, भूतपूर्व सैनिक हरीश डसीला, भास्कर कुमार, महेश रौतेला, कुंदन रावत, अजय उप्रेती, मनोहर सिंह रौतेला, नदंन सिह्र रौतेला, यशपाल रौतेला मौजूद रहे।

# भाकियू भानू गुट ने किया किसान महापंचात का आयोजन

वेलकम इंडिया





लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के पीजीआई निकट वृंदावन मैदान में किसान महापंचात का आयोजन भारतीय किसान यूनियन भानू गुट ने किया। इस महापंचायत में लखनऊ जिले सहित आस पास के प्रदेशों एवं जिलों से किसान भारी संख्या में महापंचायत में शामिल हुए। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने मंच से केंद्र एवं राज्य सरकार को किसानों की लंबित मांगों को लेकर खूब लताड़ा। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि गरीब किसानों की मांगों को लेकर 11 फरवरी से गोसाईगंज ब्लॉक से गरीब किसान न्याय पड्यात्रा का शुभारम्भ हुआ जिसका समापन 20 फरवरी को वृंदावन मैदान मे हुआ।

महापंचायत में भारी संख्या में किसानों एवं नव युवकों ने हिस्सा लिया।

भानु प्रताप ने कहा कि उनकी मांग है कि किसानों के लिए किसान आयोग का गठन किया जाए, समस्त कर्ज माफ किए जाए, विद्युत शुल्क हटाया जाए, जमीनों का सर्किल रेट को बढ़ाया जाए, राज्यस्व में व्याप्त भ्रष्टाचार को समाप्त किया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे ही 12 सूत्रीय किसानों की मांग केंद्र एवं राज्य सरकार की उदासीनता के चलते लंबित पड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि अगर केंद्र और राज्य सरकार अगर किसानों की मांगे नही मानते है तो कोई भी सरकारी अधिकारी या कर्मचारी किसी भी गांव में नहीं घुस पाएगा और गांव की सड़क और खड़ंजे को उखाड़ फेंकेंगे।

उन्होंने कहा कि पिछले केंद्र एवं राज्य सरकार के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सीटों में काफी नुक्सान हुआ था क्योंकि किसान भारतीय जनता पार्टी से ऊब चुकी है और अगर यही हाल वर्तमान मे रहा और किसानों की मांगे नहीं मानी जाएंगी तो भविष्य में केंद्र एवं राज्य के विधानसभा चुनाव में किसान पूर्ण रूप से भारतीय जनता पार्टी का विरोध करेगा और भाजपा को अर्श से फर्श पर लाने का काम करेगा।

## एसपी से की नाबालिग किशोरी को बरामद कराए जाने की मांग

कांधला। थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना निवासी एक व्यक्ति ने गांव के ही एक युवक उसकी बहन और उसकी मां पर पीड़ित की नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित का आरोप है कि मुकदमा दर्ज होने के बाद भी पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पा रही है। पीड़ित ने एसपी को पत्र देकर आरोपियों को गिरफ्तार कर पीड़ित की पुत्री को बरामद करने की मांग की है। थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना निवासी अली हसन ने एक सप्ताह पूर्व थाने पर तहरीर देकर बताया था कि पीड़ित की नाबालिग पुत्री को गांव का ही अमन पुत्र कल्लू अपनी बहन छोटन व मां जासमीन के सहयोग से बहला फुसलाकर भगा ले गया था। पीड़ित का आरोप है कि पीड़ित की पुत्री घर में रखे लाखों रुपए के जेवरात भी अपने साथ ले गई थी। आरोप है कि एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पा रही है।

# केन्द्र सरकार के द्वारा एक्ट में संशोधन के लिए अधिवक्ता बिल का संपूर्ण भारत के अधिवक्तागण कर रहे विरोध

वेलकम इंडिया




लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को प्रेस क्लब में प्रोग्रेसिव लायर्स एसोसिएशन के द्वारा एक गोष्ठी का आयोजन महिला अधिवक्ता मधुलिका यादव और पूर्व उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश बार कौंसिल एंव अन्य अधिवक्ताओ के द्वारा किया गया।

अधिवक्ता मधुलिका यादव ने प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों को बताया कि केन्द्र सरकार के द्वारा अधिवक्ता एक्ट में संशोधन के लिए अधिवक्ता बिल 2025 लाया गया है। इस बिल का संपूर्ण भारत के अधिवक्तागण विरोध कर रहे है। उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुये कहा कि सरकार अपने चहेते तीन सदस्यो को राज्य बार काउंसिल में नामित करना चाहती है जो अधिवक्ताओ को स्वीकारीय नही है। राज्य बार काउंसिल के एक्सटेंशन की अवधि जो छः माह थी बढाकर 18 महीने कर दी गई है। वह छः माह ही रहनी चाहिए। स्पेशल कमेटी जो बार काउंसिल का कार्यकाल समाप्त होने पर टेक ओवर करेगी का कार्यकाल अनिश्चित काल कर दिया गया है। यह किसी भी दशा में छः माह से अधिक नहीं होना चाहिए।

उन्होंने कहा सरकार अधिवक्ता संशोधन बिल लाकर अधिवक्ताओ को बेड़ियों मे जकड़ने का प्रयास कर रही है। केंद्र सरकार देश के अधिवक्ताओ की आजादी छीन कर कॉर्पोरेट प्रणाली और विदेशी अधिवक्ताओ को प्रोत्साहन देना चाहती है जिससे जितने भी सरकार के घोटाले है उनपर पर्दा पड़ा रहे। उन्होंने कहा इस बिल के जरिये सरकार अधिवक्ताओ का दमन करना चाहती है जो अलोकतांतरिक है जिसको अधिवक्ता किसी भी सूरत मे स्वीकार्य नही है। सरकार जब तक यह बिल वापस नही लेती है तब तक पूरे देश के अधिवक्ता आंदोलन करते रहेंगे और न्यायलय मे कार्य स्थगन रहेगा।

## अदिति ने इतनी कम उम्र में ही अपने अनुभवों को पुस्तक का रूप दिया, ये बाकई सराहनीय है : संतोष गंगवार




वेलकम इंडिया/चरन सिंह

बरेली। शहर से दूर मीरगंज तहसील के गांव बल्ली के निवासी राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक लाल बहादुर गंगवार के अनुज राजीव गंगवार जो वर्तमान में मुंबई में फाल्कन इंटरनेशनल एक्सपोर्ट कंपनी के प्रबंध निदेशक हैं, उनकी बेटी अदिति गंगवार पुणे में इंटरनेशनल बोर्ड के तहत संचालित विद्यालय में कक्षा 10 की छात्रा है उसने इतनी कम उम्र में ही ‡थ्रू द माइंड्स आईज‡ नामक पुस्तक लिखी है। जिसमें लगभग 50 अंग्रेजी में स्वरचित कविताएं तथा कुछ कहानियां भी लिखी हुई है, जो अपने अनुभवों के आधार पर हैं। झारखंड के राज्यपाल और पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार ने अदिति द्वारा लिखी पुस्तक को बहुत ध्यान से पढ़कर उसकी तारीफ की और अपनी शुभकामनाएं भी प्रेषित की, इस अवसर पर महामहिम की पुत्री और अर्बन कोऑपरेटिव बैंक की अध्यक्ष श्रुति गंगवार दामाद सुबोध सचान तथा नगर निगम के पूर्व उपसभापति अतुल कपूर उद्योगपति रमेश गंगवार आदि ने भी अदिति के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## गुटखा कारोबारी के घर फिर पहुंची आयकर की टीम, मकान की सील तोड़कर कर रही पूछताछ

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



बरेली। गुटखा कारोबारी अमित भारद्वाज और उनके भाई रामसेवक के घर बीते दिनों आयकर की टीमों ने छापा मारा था। टीम ने अमित भारद्वाज के घर की जांच भी की थी। वहीं उनके भाई रामसेवक के त्रिवटी नाथ मंदिर के पास स्थित बीडीए कालोनी के मकान में ताला तोड़कर जांच की थी। उस समय रामसेवक के घर में कोई नहीं था लिहाजा टीम मकान को सील कर लैपटॉप समेत कई दस्तावेज अपने साथ ले गई थी। अब एक बार फिर आयकर की टीम कार्रवाई करने रामसेवक के घर पहुंची।

दरअसल बीती 12 फरवरी को नई दिल्ली से आई आयकर विभाग की टीम ने गुटखा कारोबारी अमित भारद्वाज और उनके भाई रामसेवक के यहां छापा मारा था। अगले दिन रामसेवक का मकान सील कर आयकर की टीमें वापस लौट गईं थीं। उस समय रामसेवक महाकुंभ गए थे, अभी तीन दिन पहले वह महाकुंभ से वापस लौटे। जिसके बाद शुक्रवार को नई दिल्ली से आई करीब 35 सदस्यीय टीम ने सुबह नौ बजे रामसेवक के घर की सील तोड़ी।

इस दौरान रामसेवक भी मौजूद रहे। मकान के अंदर मौजूद आयकर विभाग की टीमें जांच में जुटी हुईं थीं। सप्ताह भर के अंदर आयकर की टीमों के द्वारा उनके घर में दो बार आना किसी बड़ी टैक्स चोरी की तरफ इशारा कर रहा है। हालांकि आयकर के अधिकारियों ने अभी कुछ भी बोलने से इन्कार कर दिया है। जानकारी के मुताबिक आयकर की एक टीम गुप्ता चौराहा स्थित रामसेवक के भाई गुटखा कारोबारी अमित भारद्वाज के गोदाम पर भी मौजूद थी। यहां भी तमाम दस्तावेज खंगालने में टीम लगी हुई थी। बीती 12 फरवरी को हुई कार्रवाई के दौरान गुटखा कारोबारी अमित भारद्वाज की तबियत बिगड़ गई थी। जिसके बाद उनको अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। कार्रवाई का दूसरे व्यापारियों ने विरोध भी किया था। डॉक्टरों ने अमित को चिकन पॉक्स की शिकायत बताई थी।

## आधा दर्जन लोगों ने युवक पर किया जानलेवा हमला

कांधला। थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी एक युवक पर आधा दर्जन लोगों ने धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित का आरोप है कि उक्त लोगों ने पीड़ित के साथ जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी नितिन पुत्र श्रीपाल ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि वह गुरुवार की शाम को सात बजे अपने घर से मंदिर जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में गांव के ही नसीम पुत्र शमशाद व गुड्डू पुत्र सत्तार व चार अज्ञात लोगों ने पीड़ित को रोक लिया और गाली गलौज करने लगे। पीड़ित ने विरोध किया तो आरोप है कि उक्त लोगों ने पीड़ित पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया।

## पंजाब में अफीम सप्लाई करने वाले दो तस्कर बरेली से गिरफ्तार

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



बरेली। झारखंड से अफीम लाकर दिल्ली और पंजाब में सप्लाई करने वाले दो तस्करों को एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने बरेली में गिरफ्तार कर लिया। तस्करों के कब्जे से पांच किलो अफीम, दो मोबाइल फोन और 2350 रुपये बरामद हुए हैं। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बदायूं के थाना दातागंज के गांव सैनपुर निवासी ओमवीर और थाना बिनावर के गांव सल्लननगर के वीरेंद्र के रूप में हुई है।

एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के दरोगा विकास यादव ने बताया है कि दोनों तस्करों को गुरुवार को आलमपुर जाफराबाद स्थित बमियाना तिराहे से गिरफ्तार कर भमोरा थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

पूछताछ में ओमवीर ने बताया है कि वह स्वम, वीरेंद्र, सैनपुर का हुकुम सिंह और सल्लनगर का महावीर अफीम सप्लाई करते हैं। महावीर और हुकुम सिंह स्थानीय किसानों और झारखंड से अफीम खरीदकर लाते हैं। वे अफीम को दिल्ली-पंजाब समेत अन्य राज्यों में सप्लाई करते हैं। महावीर और हुकुम सिंह ने उन दोनों को कीपैड मोबाइल फोन दिए थे और उनके फोन अपने पास जमा कर लिए थे।

## बरेली में दर्दनाक सड़क हादसे में दो छात्रों की हुई मौत

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



बरेली। भोजीपुरा थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में दो छात्रों की जान चली गई। दोनों ही छात्र बोर्ड परीक्षा का प्रवेश पत्र लेने के लिए निकले थे, लेकिन रास्ते में ही एक स्कूली बस की चपेट में आने से दोनों की मौत हो गई। हादसा अग्ररास रोड पर रामियापुर गांव के पास हुआ, जब एक स्कूली बस ने बाइक सवार छात्रों को टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि यह बस एक बारात से लौट रही थी और इसी दौरान यह भीषण दुर्घटना हो गई। भोजीपुरा थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए कहा है कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने बस को जब्त कर लिया है और मृतक छात्रों के परिवार वालों को इस दर्दनाक हादसे की सूचना दे दी, इस हादसे में अर्जुन पुत्र कल्याण सिंह और मनोज पुत्र नत्थू सिंह निवासी रामियापुर थाना भोजीपुरा, की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुच गए, परिजनों ने जैसे ही उनके शव देखे वो बेसुध होकर गिर गए, दो छात्रों की मौत से हर तरफ गम की लहर दौड़ गई। वहीं, स्थानीय लोग इस हादसे से आक्रोशित हैं और सड़क सुरक्षा को लेकर सवाल उठा रहे हैं। फिल्हाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## चन्द्रशेखर आजाद मेमोरियल बुन्देलखण्ड बास्केटबॉल लीग में झाँसी ने सागर को हराया



वेलकम इंडिया

झाँसी। श्री रघुराज सिंह इण्टर कॉलेज झाँसी में चन्द्रशेखर आजाद मेमोरियल बुन्देलखण्ड बास्केटबॉल लीग टूनार्मेंट शुरू हुआ। प्रारम्भ में सभी ने चन्द्रशेखर आजाद की फोटो पर माल्यार्पण किया उन्हे नमन किया। इसके उपरान्त स्कूल चेयरमैन कुंवर सत्येन्द्र पाल सिंह, प्रधानाचार्या शैलजा सिंह, वाईस प्रिंसपल सेन्ड्रा सेमुअल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल शुरू कराया। मैच मे सागर और झाँसी की टीम ने लगातार संघर्ष किया। झाँसी की टीम 51 अंक बनाकर विजयी रही सागर की टीम ने 29 अंक बनाये।

झाँसी की टीम की तरफ से सर्वाधिक 23 अंक कुशाल ने बनाये। सागर की टीम में सर्वाधिक 14 अंक शरद ने बनाये। आज के मैच के मुख्य निर्णायक मण्डल में मो0 नईम, दीप्ती रजक, मयंक कुशवाहा, निशा कुमारी, कुमार अंकित पटेल, आयुष तिवारी रहे। मैच के दौरान मुख्य रूप से ज्ञान दुबे, कीर्ति पटेरिया, वंदना कुशवाहा, करूणा यादव, शाहरूख खान, अंजलि पटेरिया, प्राची झाँ, अशोक कुमार, जितेन्द्र यादव, शरद मिश्रा, जितेंद्र यादव, जितेंद्र नामदेव, तनु जाटव, निशा रावत, जिज्ञाशा, सृष्टि सोनी उपस्थिति रहे।

## नशा इंसान को मानसिक रूप से कमजोर बना देता है: विशाल कुमार

कांधला। कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस पर शिविर का शुभारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत व शिविर स्थल की साफ सफाई के साथ किया गया। शिविर के प्रथम सत्र में ही स्वयंसेविकाओं ने जनसमुदाय के बीच जाकर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बच्चों, युवाओं, महिलओं एवं बूढ़ों को नशा मुक्ति का संदेश दिया। स्वयंसेविकाओं ने पान, तंबाकू, गुटखा, शराब, सिगरेट आदि से होने वाले लोगों में शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक नुकसान से नुक्कड़ के द्वारा जागरूक किया। भौतिक विज्ञान के प्रभारी प्रोफेसर विशाल कुमार ने ‡युवाओं में बढ़ती नशे की समस्याः कारण व निवारण‡ विषय पर स्वयंसेविकाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का गठन ही लोगों की सेवा भावना से जुड़ा है और उसमें युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना है लेकिन आज की युवा पीढ़ी नशे की समस्या से पीड़ित हैं जिससे युवा ऊर्जा का सही उपयोग नहीं हो पा रहा है।

# महाकुंभ के अमृत जल से बंदियों को भी मिला स्नान करने का सौभाग्य

वेलकम इंडिया/चरन सिंह




बरेली। प्रयागराज के महाकुंभ में इन दिनों अमृत स्नान करने के लिए देश विदेश से श्रद्धालुओं का जाना लगातार जारी है, इसी क्रम में बरेली जेल में बन्द कैदियों को भी इस महाकुंभ के जल से अमृत स्नान का सौभाग्य प्राप्त हो सके इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश एवं कारागार प्रशासन की विशेष पहल पर केंद्रीय कारागार बरेली में निरुद्ध बंदियों को पवित्र संगम के जल से स्नान कराने की व्यवस्था की गई।

144 वर्षों बाद आए इस दुर्लभ महायोग के अवसर पर प्रयागराज महाकुंभ से विशेष वाहक के माध्यम से संगम का पवित्र जल मंगवाया गया और इसे चार कलशों में सुरक्षित रखा गया। इसके उपरांत, वैदिक रीति-रिवाजों एवं मंत्रोच्चारण के साथ कारागार परिसर में स्थित एक बड़े कुंड में इस जल का मिश्रण किया गया। महिला और पुरुष सभी बंदियों को इस पवित्र जल से स्नान करने का अवसर दिया गया, जिससे उन्हें आध्यात्मिक शुद्धि और मोक्ष प्राप्ति की अनुभूति हुई। इस मौके पर वरिष्ठ जेल अधीक्षक विपिन कुमार मिश्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री एवं कारागार मंत्री की प्रेरणा से आयोजित इस अनूठे आयोजन का उद्देश्य बंदियों के नैतिक और आध्यात्मिक उत्थान को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि इस पहल से बंदियों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा और उनके पुनर्वास की प्रक्रिया को बल मिलेगा।

यह पहल न केवल कारागार प्रशासन की संवेदनशीलता को दर्शाती है, बल्कि समाज में बंदियों के प्रति मानवीय दृष्टिकोण अपनाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। इस ऐतिहासिक आयोजन की सभी बंदियों और कारागार स्टाफ ने सराहना की।

# अधिवक्ता संशोधन बिल के खिलाफ वकीलों ने किया प्रदर्शन

वेलकम इंडिया



टाण्डा जिला रामपुर। अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 के खिलाफ शुक्रवार को तहसील टाण्डा में वकीलों ने प्रस्तावित विधेयक की प्रतियों को जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। तत्पश्चात राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा।

केंद्र सरकार अधिवक्ता अधिनियम 1961 में संशोधन कर नया कानून लाने की तैयारी कर रही है। इसके लिए अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 का ड्राफ्ट भी तैयार कर लिया है।

अधिवक्ता इस संशोधित बिल के खिलाफ लामबंद हो गए हैं। बार कौंसिल के आह्वान पर शुक्रवार को तहसील के अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे और बार वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले बिल के विरोध में जमकर प्रदर्शन किया।

वकीलों का कहना है कि संशोधित बिल में ऐसे प्रावधान प्रस्तावित किये गए हैं जो अधिवक्ताओं के हितों को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करने के साथ ही उनके संवैधानिक अधिकारों का हनन करते हैं।

इस अवसर पर अध्यक्ष कुंवर संजय सिंह, मंत्री मुबश्शर अली, अनिल कुमार भारद्वाज, श्योराज सिंह सैनी, जफरुद्दीन खां, खुर्शीद अहमद, जावेद अली, नसीम परवेज, समर सिंह चौहान, तारिक हुसैन, प्रभु सिंह, प्रेम सिंह, दिनेश कुमार, शिवराज सिंह, सतपाल सिंह, अब्दुल माजिद सैफी, प्रथी सिंह, विजेंद्र सिंह, आलम हुसैन, अनीस अहमद, सतवीर सिंह, जयप्रकाश सिंह, प्रमोद कुमार, राशिद अली और वीरेंद्र सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

# अपनी मांगो को लेकर बरेली जंक्शन पर भूख हड़ताल पर बैठे लोको पायलट

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



बरेली। बरेली जंक्शन पर लोको पायलटों ने अपनी मांगों को लेकर 36 घंटे की भूख हड़ताल शुरू कर दी है। लोको पायलटों ने स्पष्ट किया है कि उनकी हड़ताल से ट्रेनों के संचालन पर कोई असर नहीं पड़ेगा, और वे भूखे रहकर भी अपनी ड्यूटी करते रहेंगे। लोको पायलटों का कहना है कि जब 60 घंटे की ड्यूटी के बाद लोको पायलट ने ट्रेन बीच में रोक दी तो उसको बहुत ज्यादा प्रताड़ित किया गया। जिससे उसको ब्रेन हेमरेज हो गया और वो अस्पताल में काफी गंभीर हालत में भर्ती है। लोको पायलट की यह हड़ताल ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन (अकछफरअ) के आह्वान पर की जा रही है। लोको पायलटों की मुख्य मांग है कि उनके माइलेज रेट में 25 प्रतिशत की वृद्धि की जाए, क्योंकि केंद्र सरकार ने महंगाई भत्ता 50 प्रतिशत तक पहुंचने पर सभी कर्मचारियों के टीए में 25 प्रतिशत की वृद्धि की है, लेकिन उनके माइलेज रेट में कोई वृद्धि नहीं की गई है। इसके अलावा, लोको पायलटों की प्रमुख मांगों में रनिंग भत्ते की दर में संशोधन करना, स्पॉड में रिमूवल की सजा खत्म करना, रनिंग स्टाफ से एक बार में नौ घंटे से अधिक ड्यूटी नहीं लेना, पुरानी पेंशन बहाल करना और लगातार रात्रि ड्यूटी को दो दिन तक सीमित करना शामिल है। जिन्हें रेल मंत्रालय द्वारा अनदेखा किया जा रहा है। लोको पायलटों का कहना है कि यह भूख हड़ताल बरेली लोको लॉबी पर की जा रही है और शांतिपूर्ण तरीके से जारी है। इसमें लगभग 150 रनिंग स्टाफ शामिल हैं। एक लोको पायलट का बच्चा भी अपने पिता के साथ इस धरने पर बैठा है।

### मांगे नहीं मानी गई तो करेंगे आंदोलन

लोको पायलटों ने स्पष्ट किया है कि उनकी हड़ताल से ट्रेनों के संचालन पर कोई असर नहीं पड़ेगा, और वे भूखे रहकर भी अपनी ड्यूटी करते रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो वे आगे भी आंदोलन करेंगे। इस हड़ताल की अध्यक्षता जितेंद्र कुमार कर रहे हैं। इस हड़ताल में मुख्य रूप से मंडल सचिव एस के चौरसिया, मंडल कोषाध्यक्ष अनूप वैश्य, मंडल संयुक्त सचिव सोमवीर यादव, शाखा सचिव अभय कुमार, हेमंत कुमार, पवन कुमार, अभिषेक मिश्रा, सूर्यकांत, धनंजय, राजेश, विकाश, निजाम हसन, हरेंद्र, सुमित, सहित लगभग 150 रनिंग स्टाफ शामिल हुए।

# एक परिवार एक पहचान कार्ड बनवाने से राशन कार्ड बनने में नहीं होगी कोई परेशानी : सीडीओ

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**



■ सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं में महत्वपूर्ण है, एक परिवार एक पहचान पर पंजीकरण कराना

**हापुड़।** जनपद के मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम ने एक परिवार एक पहचान में पंजीकरण कराने को लेकर जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा है कि एक परिवार एक पहचान पर पंजीकरण करना अनिवार्य है उन्होंने जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि जिन लोगों के राशन कार्ड नहीं बने हैं वह अपना एक परिवार एक पहचान के पोर्टल पर अपने नजदीकी जन सुविधा केंद्र/अपने एन्ड्रायड फोन के माध्यम से पोर्टल पर पहुंचकर पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें जिससे उन सभी लोगों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके।

मुख्य विकास अधिकारी ने यह भी जानकारी दी की फैमिली आई0डी0 बनाये जाने के सम्बन्ध में यह भ्रान्ति उत्पन्न हो रही है कि फैमिली आई0डी0 बन जाने के बाद राशन कार्ड का लाभ नही मिल पायेगा इस सम्बन्ध में शासन द्वारा निम्नानुसार स्थिति स्पष्ट की गई है।राशन कार्ड से अनाच्छादित परिवार जो राशन कार्ड के पात्र है परन्तु उनका राशन कार्ड नहीं बना है, वह फैमिली आई0डी0 पोर्टल के माध्यम से फैमिली आई0डी0 बनवा सकते हैं। फैंमिली आई0डी0 बन जाने के उपरान्त पात्रतानुसार कभी भी राशन कार्ड बनाए जाने हेतु आवेदन कर सकते है। मात्र पूर्व से फैमिली आई0डी0 बने होने के कारण उनकी पात्रता पर कोई प्रभाव नहीं पडेगा।

उनकी पात्रतानुसार राशन कार्ड बनाया जा सकता है।राशन कार्ड से अनाच्छादित परिवार जिनकी पोर्टल के माध्यम से फैमिली आई0डी0 बनायी गयी है, उन परिवारों का राशन कार्ड बन जाने के उपरान्त राशन कार्ड संख्या ही उनकी फैमिली आई0डी0 होंगी। राशन कार्ड निर्गत होने के उपरान्त राशन कार्ड की सुविधायें परिवारों द्वारा प्राप्त की जा सकेंगी।

कतिपय प्रकरणों में राशनकार्ड धारक परिवार के पात्र न रह जाने की दशा में भी राशनकार्ड संख्या के पांचवी डिजिट के स्थान पर अंक 8 तथा शेष समस्त अंक राशन कार्ड संख्या की ही भांति समान रखते हुए फैमिली आई0डी0 निर्गत की जाएगी।मुख्य विकास अधिकारी द्वारा स्पष्ट किया गया कि भविष्य में आने वाली लाभार्थीपरक योजनाओं में उन्हीं लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाएगा जिनका या तो राशन कार्ड बना होगा या फैमिली आईडी बनी होगी यदि दोनों में से कोई भी आईडी नहीं बनी हुई होगी तो उन्हें वर्तमान में चल रही योजनाएं एवं भविष्य में आने वाली लाभार्थीपरक योजनाओं से लाभान्वित नहीं किया जाएगा।

## कुमाऊं के लिए वरदान साबित होगी पिंडर नदी योजना

**गरुड़।** पेयजल व सिंचाई की समस्या से जूझ रहे कुमाऊं के लिए बहुप्रतीक्षित पिंडर नदी योजना वरदान साबित होगी। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पहल के बाद ठंडे बस्ते में चली गई इस योजना में एक बार फिर नई जान आई है। देर-सबेर ही सही इस योजना के धरातल पर आने से पानी का एक बहुत बड़ा संकट समाप्त हो जाएगा। गत दिनों नीति आयोग की राष्ट्रीय कार्यशाला में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नीति आयोग से पिंडर नदी को कुमाऊं की कोसी, गरुड़ व गोमती नदी से जोड़ने को समय की मांग बताया। उन्होंने नीति आयोग से इसे परियोजना में शामिल करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री की इस पहल का स्वागत करते हुए पूर्व जिपंस जनार्दन लोहुमी ने पत्र भेजकर सीएम का आभार व्यक्त किया है।पूर्व जिपंस ने बताया इस संबंध में उन्होंने कई बार प्रदेश के मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, केंद्रीय राज्यमंत्री, लोकसभा अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपे।

# घर-घर तक संस्कृत भाषा को पहुचाना ही योजना का उद्देश्य हैः वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी



**वेलकम इंडिया**

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ द्वारा संचालित गृहे गृहे संस्कृतम्‌ के फरवरी मासीय बारह दिवसीय संस्कृत शिविर केंद्रों का समापन सत्र 20 फरवरी 2025 को कान्ति शान्ति निवास 4सी में सम्पन्न हुआ। जिसमें प्रदेश के विभिन्न जनपदों में 51 प्रशिक्षकों ने सरल संस्कृत भाषा शिक्षण कक्षा का संचालन सम्यकतया किया।

इस योजना का मुख्य उद्देश्य घर-घर तक संस्कृत को पहुंचाना। समाज में व्याप्त भ्रान्ति है कि संस्कृत भाषा कठिन है।यह भ्रान्ति गृहे गृहे संस्कृतम्‌ योजना के द्वारा समाप्त हो रही है। किसी को भी यदि ऐसा प्रतीत हो रहा हो कि संस्कृत भाषा कठिन है तो वह आंनलइन संस्कृत सम्भाषण योजना के द्वारा गृहे गृहे संस्कृतम्‌ योजना में जुड़कर संस्कृत भाषा को सीख सकता है। प्रदेश समन्वयक धीरज मैठाणी ने कहा कि संस्कृत भाषा भारतीयो के लिए संस्कृति और संस्कार का समन्वित रूप है जो जीवन को सुसभ्य बनाती है।

कार्यक्रम का आरम्भ वैदिक मंगलाचरण से हुआ।संस्थान गीतिका तरुण ने अनुभव कथन श्रेया ने बताया। प्रशिक्षिका सोनिका रानी ने शान्तिमंन्त्र के द्वारा कार्यक्रम का समापन किया।

इस अवसर पर गोपाल शर्मा जी व उनकी धर्मपत्नी कांता देवी तथा मेरठ के संभाग निरीक्षक श्री जगवीर शर्मा 'जलज' ने दीप प्रज्वलित कर तथा सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कक्षा का शुभारंभ किया।समापन-सत्र में युवि काजल अंशुमन कनक मयंक मानसी शौर्य गोनल श्रुति आदि उपस्थित रहे।

# आमजनमानस के अधिकारों के प्रति जागरूक कर कानूनी सहायता दे रहा है टेली लॉ : वागीश सिंह



**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी टेली लॉ पोर्टल सिर्फ लोगो को कानूनी सहायता ही नही दे रहा है बल्कि आम जनमानस को उनके अधिकारों के प्रति भी जागरूक कर रहा है। पोर्टल के जरिये लाभ लेने वाले ग्रामीण इसमें सहभागिता कर लाभान्वित हो रहे है तो वही इसमें कम पढ़े लिखे लोगो के लिए यह वरदान साबित हो रहा है।उक्त बातें लखीमपुर खीरी विकास भवन सभागार में आयोजित टेली लॉ जागरूकता और ई गवर्नेस के कार्यक्रम में टेली लॉ राज्य समन्वयक वागीश सिंह ने कहीं। लखीमपुर खीरी ब्लाक खान एकेडमी में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ आए हुए अतिथियों के स्वागत से हुआ। जहां पर मौजूद वीएलई ने सीएससी ई गवर्नेस की तरफ से आए हुए लोगों का अभिनंदन किया। मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए राज्य समन्वयक टेली लॉ वागीश सिंह ने कहा कि टेलीफोन के जरिए लोगों को कानून के बारे में जानकारी हासिल करना बहुत ही सरल, सुगम और सुविधाजनक है।ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं और कम पढ़े लिखे किसान, युवा और रोजगार करने वाले लोग आए दिन किसी न किसी कानूनी समस्या से घिर जाते है, परेशान होने पर टेली लॉ उनके लिए मजबूत सहारा बन रहा है। भूमि विवाद, पुलिस उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, सहित कई प्रकार की कानूनी सहायता उन तक घर बैठे पहुंच रही है और सबसे खास बात यह है कि यह सब प्रक्रिया निःशुल्क है।सीएससी की तरफ से आए हुए संचित श्रीवास्तव ने बैंकिंग तथा डीजीपी सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया। लखीमपुर खीरी के जिला प्रबंधक अमरीश कुमार ने सीएससी की अन्य विभिन्न सेवाएं मसलन ऑनलाइन बुकिंग, बिल भुगतान, आधार कार्ड पैन कार्ड आदि के बारे में विस्तार से बताया।

# पुलिस क्षेत्राधिकारी ने सिंभावली थाने का किया त्रैमासिक निरीक्षण



**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर पुलिस क्षेत्र अधिकारी स्तुति सिंह के द्वारा थाना सिम्भावली का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। जंक्शन के दौरान थाना कार्यालय के अभिलेख, अपराध रजिस्टर आदि का अवलोकन कर कम्प्यूटर कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, बैरक, मालखाना, शस्त्रागार, बन्दीगृह, अभिलेखों के रखरखाव एवं साफ-सफाई आदि को चैक किया गया। और सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# मेरठ में सहमति से मस्जिद हटाने की कवायद शुरू, गेट हटाया और बिजली कनेक्शन काटा... जुमे को लेकर अलर्ट

**वेलकम इंडिया**

**मेरठ।** दिल्ली रोड पर रैपिड रेल का काम तेज गति से चल रहा है। अधिकारियों का कहना है कि मस्जिद के चलते निर्माण कार्य में रुकावट आ रही है। इसलिए मौलवी और अन्य लोगों के साथ सहमति बनाई जा रही है।

रैपिड के निर्माण कार्य के चलते दिल्ली रोड पर जगदीश मंडप के पास मस्जिद हटाने के लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी सहमति बना रहे हैं।फिलहाल मस्जिद का गेट हटा दिया गया है।बिजली का कनेक्शन भी काटा गया है। अब शुक्रवार को या इसके बाद सहमति से मस्जिद को हटाया जा सकता है।



कनेक्शन काटने के बाद हटाया गया मस्जिद का गेट।

दरअसल, दिल्ली रोड पर रैपिड का कार्य तेज गति से चल रहा है। दिल्ली रोड पर जगदीश मंडप के पास स्थित मस्जिद के चलते निर्माण कार्य में अवरोध आने की बात अधिकारी कह रहे हैं।मस्जिद को सहमति से हटाने के लिए प्रशासनिक अधिकारी और रैपिड के अधिकारी लगे हुए हैं।इस मामले में मस्जिद से जुड़े मौलवी और अन्य लोगों के साथ बातचीत की गई है।

इसी मामले में बृहस्पतिवार को एडीएम सिटी बृजेश सिंह इस स्थल पर पहुंचे और बातचीत की।फिलहाल स्थल का मुख्य गेट हटवा दिया गया है। बिजली का कनेक्शन भी कट गया है। जल्द ही सहमति से धार्मिक स्थल को हटाने की वार्ता अधिकारियों की चल रही है।

एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि रैपिड के कार्य के चलते मस्जिद हटाने के लिए सहमति बनाई जा रही है। वहीं जुमे को लेकर भी पुलिस अलर्ट मोड पर है।

# 27 अप्रैल 2010 के पश्चात विवाह वाले समय से यूसीसी पोर्टल पर कराए विवाह का पंजीकरणः सीडीओ

**बागेश्वर।** मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी ने समान नागरिक संहिता उत्तराखण्ड-2024 (यूसीसी) के संबंध में जनपद स्तरीय व खण्ड स्तरीय अधिकारियों के साथ ही डिग्री कालेजों के प्राचार्य के साथ वर्चुअल बैठक की। मुख्य विकास अधिकारी ने समान नागरिक संहिता के संबंध में सभी अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि वे 27 अप्रैल 2010 के पश्चातविवाह वाले स्वयं एवं अपने अधीनस्थ समस्त कार्मिक व विभाग से जुडे श्रमिक, ठेकेदार व अन्य यूसीसी पोर्टल पर विवाह का पंजीकरण एक सप्ताह के भीतर व अधिकतम 15 दिन के भीतर करना सुनिश्चित करें। मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद अन्तर्गत सभी डिग्री कालेजों के प्राचार्य व बागेश्वर परिसर के निदेशक को निर्देश दिए कि वे समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के तहत डिग्री कॉलेजों में वृहद गोष्ठी को आयोजन कराना सुनिश्चित करेंगे तथा गोष्ठी में सभी छात्रों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, आमजनमानस व अधिकारियों को प्रतिभाग कराने के निर्देश दिए। जनपद व खण्ड स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने विभागान्तर्गत सभी पात्र कामिकों का रजिस्ट्रेशन कराते हुए जगह-जगह पर प्रचार-प्रसार के लिए गोष्ठियों का आयोजन कर इसका वृहद रूप से प्रचार-प्रसार भी एक पक्ष तक कराना सुनिश्चित करेंगे।

# दीवान वीएस ग्रुप का इंस्टीट्यूशंस में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस समारोह का भव्य आयोजन हुआ

**वेलकम इंडिया**

**मेरठ।** दीवान इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के बी. एड. विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का आयोजन किया गया जिसमे दीवान वी एस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के पी. जी. डी. एम. व एम. सी. ए विभाग के छात्र एवं छात्राओं ने भी भाग लिया उपरोक्त कार्यक्रम में वर्ल्ड रिकॉर्ड प्राप्त साहिबा ए दीवान से अलंकृत विख्यात कवयित्री मनीषा शेखर को अपनी प्रस्तुति प्रदर्शित करने के लिए आमंत्रित किया गया । उपरोक्त कार्यक्रम का शुभारंभ दीवान वी एस ग्रुप का इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन श्रीमान विवेक दीवान जी , मुख्य अतिथि मनीषा 'शिखर' संस्थान के कार्यकारी निदेशक कर्नल( डॉ ) नरेश गोयल, संस्थान की मुख्य सलाहकार डॉ श्रुति अरोड़ा, प्रिंसिपल डॉ मुनेन्द्र कुमार, निर्देशिका पीजीडीएम

डॉ सुचि शर्मा के द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख द्वीप प्रज्वलन करके किया गया।कवयित्री मनीषा 'शिखर' ने अपनी कविता, गजलों से श्रोताओं को भाव- विभोर किया । उन्होंने अपनी जीवन गाथा से सबको प्रेरित किया कि किस प्रकार जीवन की कठिनाइयों से जूझते हुए जीवन का सफर तय किया और यहाँ तक पहुँच पाईं। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों के मध्य मातृभाषा में स्वरचित कविता प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें फरोजां (बी. एड.) ने प्रथम, सृष्टि (बी. एड.) ने द्वितीय तथा अभिषेक एम. सी. ए. ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



कार्यक्रम का संचालन श्रीमती मीनू सचदेवा तथा श्री धर्मवीर सिंह ने किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में विभाग के अन्य सहायक आचार्यों में पुष्पेंद्र कुमार, ज्योति पुंडीर, डॉ. सुजा जॉर्ज स्टेनली, मनोज कुमार, डॉ. राहुल गुप्ता और राजीव कुमार, अजय राणा, शिवानी, रिशू, योगेश का भी सहयोग रहा।


## 2025 पत्रिका विमोचन :

# हाथरस में हर वर्ष की भांति निस्वार्थ सेवा संस्थान द्वारा वार्षिक चौथा पत्रिका विमोचन एवं प्रेस वार्ता 23 को

**वेलकम इंडिया**

**हाथरस। (जितेन्द्र कुमार)** सामाजिक सेवा के क्षेत्र में सक्रिय निस्वार्थ सेवा संस्थान द्वारा चौथा पत्रिका विमोचन समारोह एवं प्रेस वार्ता 23 फरवरी को गोपाल धाम, हाथरस में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर संस्था की वार्षिक पत्रिका का विमोचन किया जाएगा, जिसमें संस्था द्वारा समाज सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य और जनकल्याण के लिए किए गए कार्यों की जानकारी होगी। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में पत्रकारों और मीडिया प्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन भी किया जाएगा।

इस दौरान संस्थान के पदाधिकारी अपने सामाजिक अभियानों, आगामी योजनाओं और सेवा कार्यों की जानकारी देंगे। प्रेस वार्ता का उद्देश्य संस्था की गतिविधियों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाना और समाज में जागरूकता बढ़ाना है।कार्यक्रम में नगर के गणमान्य अतिथि, समाजसेवी, बुद्धिजीवी,




पत्रकार, और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे एवं साथ ही सभी मीडिया प्रतिनिधियों का सम्मान किया जाएगा क्योंकि मीडिया समाज का दर्पण है, जो सत्य को उजागर कर जनजागृति का कार्य करता है।

निस्वार्थ सेवा संस्थान ने मीडिया प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं और सभी जागरूक नागरिकों से इस विशेष अवसर पर उपस्थित होने की अपील की है।

इस अवसर पर अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, सचिव नीरज गोयल , कोषाध्यक्ष/मीडिया प्रभारी सीए प्रतीक अग्रवाल , प्रवक्ता हिमांशु गौड़ , कॉर्डिनेटर चंद्र प्रकाश अग्रवाल , सोशल मीडिया प्रभारी सारांश टालीवाल, सह सचिव तरूण राघव , सह सचिव निश्कर्ष गर्ग , वरुण अग्रवाल आदि लोग कार्यक्रम की रूपरेखा में लगे हुए हैं।

# महिला सशक्तिकरण के लिए संदेश की सार्थक पहल

**वेलकम इंडिया**

**हापुड़।** जनपद में स्वयं सेवी संस्था संदेश के द्वारा महिलाओं को स्वरोजगार देने के उद्देश्य से तीन दिवसीय फल प्रसंस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।खाद्य प्रसंस्करण विभाग से आये प्रशिक्षक अरुण झा ने मौसमी फल व सब्जियों से अचार, मुरब्बा, जैम, व चटनी आदि बनाना सिखाया।



संदेश की सचिव पूनम परिहार ने बताया कि संस्था द्वारा समय समय पर महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महिलाओं को स्वरोजगार से जोडने के लिए विभिन्न प्रकार का प्रशिक्षण दिया जाता हैं।इसी क्रम में ग्रामीण आंचलों की महिलाओं के लिए खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण के माध्यम से अचार, चटनी,मुरब्बा, जैम आदि बनाने का प्रशिक्षण दिया गया।

जिसके माध्यम से महिलाएं घर बैठे अपना रोजगार कर सकती है। तथा अपने परिवार के लिए आमदनी बढ़ाने का जरिया बन सकती है।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में केई गाँवों की युवतियों व महिलाओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में संदेश के सहायक प्रबन्धक राहुल सक्सेना, अंशु, रामायण, सुशीला, गौरा सुनीता आदि उपस्थित रहे।

## मोदी सरकार के द्वारा अधिवक्ता अधिनियम 1961 में

# संशोधन कर नया कानून लाने के विरोध का डीएम के द्वारा ज्ञापन नहीं लेने पर अधिवक्ताओं मे रोष

**वेलकम इंडिया**

**हापुड़।** जनपद हापुड़ में केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा अधिवक्ता अधिनियम 1961 में संशोधन कर नया कानून लाने की तैयारी कर रही है।सरकार ने इसके लिए अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 का ड्राफ्ट तैयार कर लिया है।सरकार के इस कदम से आक्रोशित अधिवक्ताओं ने हापुड़ में सांकेतिक प्रदर्शन कर कार्य का बहिष्कार किया।



इस दौरान अधिवक्ताओं ने डीएम ऑफिस पहुंचकर एक ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम भेजना चाहा। लेकिन जब ज्ञापन लेने के लिए डीएम अधिवक्ताओं के बीच नहीं पहुंची तो अधिवक्ता भड़क गए। और नए कानून के साथ डीएम के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी करने लगे।

अधिवक्ताओं द्वारा किये गए कार्य के बहिष्कार के कारण वादकारियों को भी निराश होकर कोर्ट से लौटना पड़ा।इस दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय कुमार कंसल ने बताया कि वह ज्ञापन देने के लिए डीएम ऑफिस पहुंचे थे।लेकिन हापुड़ डीएम ज्ञापन लेने के लिए ऑफिस से बाहर नहीं आई।

# छात्रों ने शूटिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मथुरा में लहराया परचम



**वेलकम इंडिया**

**हापुड़।** जेएमएस वर्ल्ड स्कूल के छात्रों ने मथुरा में आयोजित शूटिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जनपद के नाम का लहराया परचम।

आपको बता दें कि मथुरा में आयोजित जिला राइफल एसोसिएशन आयोजित शूटिंग प्रतियोगिता में वीर दीक्षित, नैतिक गहलोत, दिव्यांश सिंह सिद्धार्थ, कार्तिक शर्मा, हार्दिक गहलोत और अभिनव तोमर ने अविश्वसनीय उपलब्धि हासिल की। जिसमें वीर और नैतिक के लिए व्यक्तिगत स्वर्ण पदक, साथ ही नैतिक, हार्दिक और अभिनव के लिए टीम स्वर्ण पदक और वीर, दिव्यांश और कार्तिक के लिए टीम रजत पदक के साथ उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का अद्भुत नतीजा देखने को मिला है।

इसको लेकर जेएमएस परिवार को इन प्रतिभाशाली छात्रों पर गर्व है ।

# अंबकेश्वर महादेव मंदिर की ओर जाने वाले कांवड़ मार्ग का डीएम ने किया निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर।** 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर हरिद्वार, ब्रजघाट, अनूपशहर, रामघाट से जल लेकर जाने वाले कांवडियों की सुविधा हेतु संबंधित विभागों द्वारा की जाने वाली व्यवस्थाओं का शुक्रवार को जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति ने पुलिस, प्रशासनिक एवं सम्बंधित विभागों के अधिकारियों के साथ कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण करते हुए कराई जा रही तैयारियों का जायजा लिया। स्याना क्षेत्र से सराय चौकी से अंबकेश्वर महादेव मंदिर की ओर जाने वाले कांवड़ मार्ग का निरीक्षण किया गया। निर्देशित किया गया कि यात्रा मार्ग पर कांवडियों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था समय से सुनिश्चित कर ली जाए। साफ सफाई, पेयजल, प्रकाश आदि व्यवस्था को सुनिश्चित कराया जाए।

आहार में अंबकेश्वर महादेव मंदिर पर हजारों की संख्या में कांवडियों के द्वारा जलाभिषेक किया जाता है। डीएम ने मंदिर में स्थलीय निरीक्षण करते हुए जलाभिषेक के दौरान श्रद्धालुओं को नियंत्रण करने के लिए आने जाने वाले मार्गो, लगने वाले भंडारे स्थल, कंट्रोल रूम, स्वास्थ्य कैंप आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निर्देशित किया गया कि मंदिर पर जलाभिषेक के दौरान किसी प्रकार से असुविधा न हो इसके लिए सभी व्यवस्था समय से कर ली जाए। व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की तैनाती के साथ ही वॉलेंटियर्स भी लगाए जाए। सीसीटीवी कैमरे भी लगवाए जाए।

मंदिर के मुख्य पुजारी से भी वार्ता कर जानकारी लेते हुए कहा कि शिवरात्री के मौके पर सभी श्रद्धालुओं से जल को व्यवस्थित रूप से चढ़वाया जाए। साफ सफाई की व्यवस्था बनाए रखने के लिए डस्टबिन रखवाए जाए, सफाई कर्मियों की ड्यूटी, पेयजल, शौचायल की व्यवस्था भी कराई जाए।

इस अवसर पर एसपी देहात रोहित मिश्रा अपर जिलाधिकारी प्रशासन डा प्रशांत कुमार एसपी सिटी शंकर प्रसाद उप जिलाधिकारी स्याना गजेंद्र सिंह, उप जिलाधिकारी अनूपशहर सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## पुलिस आरक्षी भर्ती को निष्पक्ष एवं पारदर्शिता से सम्पन्न करने को लेकर एसपी ने ली पुलिस अधिकारियों की बैठक

**बागेश्वर।** आगामी पुलिस आरक्षी भर्ती को निष्पक्ष एवं पारदर्शिता से सम्पन्न कराये जाने को लेकर पुलिस अधीक्षक चन्द्रशेखर घोड़के ने पुलिस अधिकारियों की बैठक ली।समीक्षा बैठक लेकर पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसपी चन्द्रशेखर घोड़के ने पुलिस लाईन24 फरवरी से आयोजित होने वाली पुलिस आरक्षी पुरुष भर्ती परीक्षा से सम्बन्धित (शारीरिक मानक/दक्षता परीक्षा) को निष्पक्ष एवं पारदर्शिता से आयोजित किये जाने हेतु गोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें एसपी द्वारा आरक्षी भर्ती परीक्षा (शारीरिक मानक/दक्षता परीक्षा) में सम्मिलित होने वाले अभ्यार्थियों के लिये उचित व्यवस्था कराये जाने, भर्ती हेतु आने वाले अभ्याथीयी की सुविधाओ का ध्यान रखने,व भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाने के सख्त निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए। इस दौरान अभ्यर्थियों को उनके चेस्ट नम्बरो का आवंटन समय से करने, ड्यूटी पर लगे सभी अधिकारी/ कर्मचारियों द्वारा अपने दायित्वों का निष्पक्षता से निर्वहन करने, भर्ती मैदान के आस पास अराजक तत्वो, भर्ती करवाने का प्रलोभन देने वालो पर विशेष नजर रखने के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए।

# जिला जेल में मंत्रोच्चार के साथ संगम के जल से बंदियों को कराया स्नान

वेलकम इण्डिया



**सिद्धार्थनगर।** जिला कारागार सिद्धार्थनगर में महाकुंभ के पावन पर्व पर प्रयागराज संगम तट से जेल अधीक्षक सचिन वर्मा व जेलर राम सिंह यादव के सहयोग से लायें गयें पवित्र जल को पूर्ण विधि विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ निरुद्ध सभी बंदियों को शुक्रवार को स्नान कराया गया। इसके लिए कई दिनों से कारागार में तैयारी की जा रही थी। कारागार के अंदर एक बड़ा कुंड तैयार किया गया कुंड का रंगरोगन कराकर जलापूर्ति की व्यवस्था की गई।संगम तट से मंगाए गए पावन जल के कलश को पवित्र स्थल पर सुरक्षित किया गया था। इसको विधि विधान के साथ जेल अधीक्षक द्वारा सर पर उठाकर पुष्पवर्षा करते हुए बड़े कुंड के पास ले जाया गया। दीपोत्सव के बाद मंत्रोच्चार के साथ जेल अधीक्षक सचिन वर्मा के द्वारा पारंपरिक तरीके से सभी जेल अधिकारियों की उपस्थिति में कुंड में प्रवाहित किया गया।सैकड़ों बंदियों ने मां गंगा और भोलेनाथ के जयकारे लगाते हुए स्नान प्रारंभ किया। जेल में होने के कारण महाकुंभ में प्रयागराज जाकर स्नान से वंचित बंदियों ने संगम के जल से स्नान किया।

बताते चले कि जिला कारागार में भारतीय संस्कृति महापर्व कुंभ को जेल में निरुद्ध बंदी 14 जनवरी मकर संक्रांति के पावन पर्व से मनाते आ रहे हैं। वे जेल मे प्रतिदिन गंगा आरती करते है। जेल प्रशासन द्वारा पूर्व मे भी उन्हें गंगाजल प्रदान किया गया था। भारतीय बंदियों के साथ विदेशी चीनी वी नेपाली बंदी भी बहुत उल्लास पूर्वक आरती में शामिल होते हैं। आरती के दौरान कैदी मंत्रों दीपों और भजनों के माध्यम से गंगा मां की पूजा करते हैं।

## हैप्पी ऑल पब्लिक स्कूल में हुआ रिजल्ट-डे का आयोजन



**संतकबीरनगर।** बेलहर ब्लॉक के लोहरौली बाजार में स्थित हैप्पी ऑल पब्लिक स्कूल के प्रांगण में आज थर्ड टर्म एग्जाम के परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे भारी संख्या में अभिभावक बच्चों के साथ उपस्थित होकर इस कार्यक्रम में शामिल हुए तथा अपने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति से काफी उत्साहित नजर आए ।इस अवसर पर सभी बच्चों के चेहरों पर खुशी की मुस्कान थी प्रबंधक मकसूद अहमद ने सभी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सभी बच्चे घर की पढ़ाई एवं लर्निंग व रिवीजन वर्क्स को अनिवार्य बनाएं । जो बच्चे स्कूल से मिले हुए हॉमवर्क्स को समय पर पूरा कर घर की पढ़ाई को फोकस करते हैं उनका परिणाम काफी बेहतर तथा संतोषजनक होता है । स्कूल प्रबंधन ने बताया कि यहां के अभिभावक अतिजागरूक एवं सक्रिय हैं जिसके कारण विद्यालय के सभी कार्यक्रम बहुत ही सफल साबित होते हैं । इस अवसर पर स्कूल के सभी अध्यापक एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# ग्राम प्रधान पति ने की पूर्व सीएम से भेंट

## सरधना विधायक अतुल प्रधान और चरथावल विधायक पंकज मलिक भी रहे मौजूद

वेलकम इंडिया



**कांधला।** सभा छात्र सभा के पूर्व जिला अध्यक्ष और ग्राम पंचायत गंगेरू के ग्राम प्रधान पति राशिद जंग ने सरधना विधायक अतुल प्रधान और चरथावल विधायक पंकज मलिक के साथ पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान जनपद शामली की राजनीति पर भी चर्चा हुई।

प्रदेश की राजधानी में विधानसभा सत्र चल रहा है विधानसभा सत्र में प्रदेश की सभी विधानसभाओं के विधायक और सत्ता पक्ष के मंत्री और विधायक प्रतिभाग कर रहे हैं। सरधना विधायक अतुल प्रधान के द्वारा विधानसभा में गन्ना भुगतान और गन्ना मूल्य बढ़ाए जाने का मुद्दा जोर-जोर से उठाया गया।

गुरुवार को विधानसभा सत्र समाप्त होने के बाद जनपद शामली के सपा छात्र सभा के पूर्व जिला अध्यक्ष राशिद जंग ने मेरठ की सरधना विधानसभा से विधायक अतुल प्रधान और चरथावल विधानसभा से विधायक पंकज मलिक के साथ प्रदेश के पूर्व सीएम अखिलेश यादव से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। शिष्टाचार भेंट के दौरान जनपद शामली की तीनों विधानसभाओं को लेकर चर्चा की गई साथ ही पीडीए के लिए शामली विधानसभा में प्रदेश के पूर्व सीएम अखिलेश यादव के कार्यक्रम को लेकर भी चर्चा हुई।

चर्चा के दौरान सपा छात्र सभा के पूर्व जिला अध्यक्ष राशिद जंग के द्वारा प्रदेश के पूर्व सीएम अखिलेश यादव से मांग की गई की गंगेरू से लेकर गांव गढ़ी दौलत तक 700 मीटर सीसी रोड का निर्माण कराया जाए। पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कहां की जल्द ही सपा के किसी भी विधान परिषद सदस्य के कोटे से उक्त सड़क का निर्माण कराया जाएगा। पूर्व सीएम अखिलेश यादव से शिष्टाचार भेंट के दौरान कई लोग मौजूद रहे।

# जनसेवा केन्द्र संचालकों से ठगी करने वाला एक गिरफ्तार, 1.4 लाख बरामद

वेलकम इंडिया



**हाथरस।** अवगत कराना है कि दिनांक 17 फरवरी 2025 को वादी अजय कुमार पुत्र गंगा प्रसाद निवासी नगला राम सिंह ममौता कला थाना सासनी द्वारा लिखित तहरीर के माध्यम से सूचना दी कि दिनांक 30 अक्टूबर 2024 को दीपिका साहू नाम से एक महिला ने फोन कर बताया कि एक्सिस बैंक की मैम्बर आईडी एक्सप्रेस मनी पेमेंट एप के माध्यम से पैसों का लेन देन करने पर आपको अच्छा कमीशन दिया जायेगा ।

जब एप्प के माध्यम से मैने लेन देन शुरू किया तो पैसे नहीं डालने के बाद निकासी नहीं हुई जिसके सम्बन्ध में बात करने पर बताया कि 60 हजार रुपए की लिमिट पूरी होने के बाद निकासी होगी । 60 हजार रुपए डालने के बाद भी निकासी ना होने पर वादी को जानकारी हुई कि उसके साथ फ्राड हो गया है । तथा वादी के मिलने वाले भूपेन्द्र सिंह पुत्र सुखवीर सिंह निवासी गिरधर पुर थाना हसायन के साथ भी इसी प्रकार 60 हजार रुपए का फ्राड हुआ है । पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना साइबर क्राइम पुलिस को घटना के अनावरण व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था । जिसके क्रम में थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम ने एक अभियुक्त को हाथरस जंक्शन रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया है । जब एप्प में 60 हजार या उससे अधिक रुपए होने पर एप से जुडे हुये अभियुक्तगण के खाते में सारे रुपए ट्रांसफर हो जाते थे, रुपए ट्रांसफर होते ही एप ब्लॉक हो जाता था । उक्त घटना में तीन अन्य अभियुक्त प्रकाश में आये है । पुलिस द्वारा शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित कर सार्थक प्रयास किये जा रहे है ।

## मथुरा जनपद में कड़ी सुरक्षा के बीच केंद्रों पर पहुंचाए गए प्रश्नपत्र



**मथुरा।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडियेट की परीक्षाओं के लिए प्रश्नपत्रों का वितरण बृहस्पतिवार को किया गया। सभी परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच राजकीय इंटर कॉलेज से प्रश्नपत्र वाहनों के माध्यम से पहुंचाए गए। यूपी बोर्ड परीक्षा 24 फरवरी से शुरू हो रही हैं। इसकी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। प्रश्नपत्रों को राजकीय इंटर कॉलेज के एक शिक्षक और पुलिस की अभिरक्षा में रूट चार्ट के साथ भेजा गया। एक गाड़ी पर पांच से छह परीक्षा केंद्र के प्रश्नपत्र को लोड किया गया था। परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने के बाद केंद्र व्यवस्थापक, बाह्य केंद्र व्यवस्थापक और स्टेटिक मजिस्ट्रेट की देखरेख में प्रश्नपत्र को स्ट्रांग रूम में रखा गया। इसके बाद अलमारी और स्ट्रांग रूम को सील कर दिया गया। डीआईओएस रविंद्र सिंह ने बताया कि इस प्रक्रिया को पूरा करने के बाद प्रश्नपत्र पर तीनों ने हस्ताक्षर कर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय को भेज दिया। इस प्रपत्र को परीक्षा से पूर्व बोर्ड से आए पर्यवेक्षक लेकर क्षेत्रीय कार्यालय जाएंगे। वहां इसे सुरक्षित रख लिया जाएगा। परीक्षाओं को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए बोर्ड की ओर से खास तैयारी की गई हैं। परीक्षा में स्थानीय पुलिस की अभिसूचना शाखा निगरानी करेगी। साथ ही स्पेशल टास्क फोर्स भी अपने स्रोतों के माध्यम से परीक्षा पर अपनी दृष्टि बनाए रखेंगे। अगर कहीं किसी प्रकार गड़बड़ी मिली तो दोषियों की खैर नहीं है।

# अवैध जमीन से कब्जे की पैमाइश करा कर एसडीएम ने कराया चिन्हांकन



वेलकम इण्डिया

**सिद्धार्थनगर।** नौगढ़ उपजिलाधिकारी सदर कल्याण सिंह मौर्य के निदेर्शानुसार कोतवाली क्षेत्र के रक्सेल गांव में खेल मैदान, बंजर व खलिहान की जमीन पर अवैध कब्जा को लेकर जांच की टीम गठित की गयीं। जो शुक्रवार को मौके पर पहुंचकर अवैध कब्जे की जमीन की पैमाईश कर चिन्हांकन करा दिया गया है। कब्जेदार दुख्खन पुत्र मोतीराम, परमेन्द्र पुत्र विक्रम, पारस पुत्र विक्रम, सोमइ पुत्र नरेश, चन्द्र प्रकाश पुत्र मोतीराम, अयोध्या पुत्र घुरहु, सन्तराम पुत्र साहेबदीन को सूचना दे दी गयीं है। 27 फरवरी को चिन्हांकन स्थल को कब्जा मुक्त कराने जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 सहित राजस्व टीम मौके पर पहुंचेगी। चिन्हांकन करने गई टीम में राजस्व निरीक्षक शीतल प्रसाद द्विवेदी, देवेन्द्र कुमार त्रिपाठी, लेखपाल दुर्गेश पाण्डेय, क्षेत्रीय लेखपाल विनय कुमार पाण्डेय, धनंजय पाण्डेय, शशांक सौरभ, आनन्द, अमित चौधरी आदि शामिल रहें।

# विशेष शिविर के चौथे दिन अंतरराष्ट्रीय मातृ दिवस मनाया

वेलकम इंडिया




**नूरपुर।** क्षेत्र के ग्राम फीना स्थित श्री हरिपाल शास्त्री स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर ग्राम फीना व ग्राम अजुपुरा में चल रहा है। शिविर के चौथे दिन अंतर्राष्ट्रीय मातृ दिवस मनाया गया। अंतर्राष्ट्रीय मातृ दिवस पर स्वयंसेवियों ने घर-घर जाकर ग्रामीणों से बालिका शिक्षा पर बल दिया। स्वयंसेवियों ने ग्रामीणों से अपील की कि एक शिक्षित लड़की दो घरों का चिराग होती है। आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषो से कम नहीं है वे प्रत्येक क्षेत्र में पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि कोई भी बेटी निरक्षर नहीं रहनी चाहिए। क्योंकि निरक्षरता समाज के लिए अभिशाप है। एक पढ़ी-लिखी बेटी ही समाज को साक्षर कर सकती है। इस अवसर पर स्वयंसेवी घर-घर जाकर ग्रामीणों से बेटियों को साक्षर करने की अपील कर रहे थे। स्वयंसेवियों की टीम राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ दलीप कुमार व द्वितीय इकाई के कार्यक्रम अधिकारी पीयूष कुमार के नेतृत्व में ग्राम फीना व ग्राम अजुपुरा में घर-घर सर्वेक्षण करने पहुंची। स्वयंसेवियों ने स्कूल नहीं जाने वाली बालिकाओं को चिन्हित किया साथ ही उनके अभिभावकों को पढ़ाई का महत्व बताया।

मातृ दिवस पर एक गोष्ठी का आयोजन भी किया गया। जिसमें स्वयंसेवियों ने ग्रामीण क्षेत्र की आख्या प्रस्तुत की। राष्ट्रीय सेवा योजना की सहायक कार्यक्रम अधिकारी डॉ शिवाली राजपूत ने स्वयंसेवियों से नारी शिक्षा से होने वाले लाभ के विषय में बताया। उन्होंने कहा कि आज बेटियां वैज्ञानिक, डॉक्टर, इंजीनियर व सेना के प्रमुख पदों पर विराजमान है। इसका एक ही कारण है आज बेटियां भी शिक्षा के क्षेत्र में बेटो से कम नहीं है। इस मौके पर छात्रों ने साक्षरता से संबंधित विभिन्न स्लोगन पढ़ेंगीं बेटियां तो बढ़ेंगीं बेटियां आदि स्लोगन लिखे।

इस मौके पर कॉलेज प्रबंधक ठाकुर आकाश शास्त्री, चीफ प्रॉक्टर डॉक्टर आरपी सिंह, डॉक्टर शिवाली राजपूत, पिंकी यादव, नीशु देवल, रुक्मणी, सचिन कुमार, सुषैन बाबू शर्मा, विवेक कुमार आदि उपस्थित रहे।

## फेमिली फुटवियर & मेन्स कलेक्शन शॉप का चेयरमैन प्रतिनिधि ने फीता काटकर किया उद्घाटन



**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** जनपद सिद्धार्थनगर के नगर पंचायत शोहरतगढ़. के गोलघर स्थित आयशा मार्केट में फेमिली फुटवियर & मेन्स कलेक्शन के नाम से नई शॉप की दुकान का उद्घाटन चेयरमैन प्रतिनिधि/ब्यापार मण्डल जिलाध्यक्ष सिद्धार्थनगर रवि अग्रवाल ने किया। जिसमें कई समाजसेवियों ने पहुंचकर फेमिली फुटवियर & मेन्स कलेक्शन नामक दुकान के उद्घाटन में हिस्सा लिया। दुकान के प्रोपराइटर मो0 इरफान व मो0 फरहान ने बताया कि इस कम्पटीशन के युग में फैन्सी कपड़े व ब्रांडेड शूज एक बेहतर दुकान के लिए विकल्प है, क्योंकि हर घर में जितने सदस्य होते हैं, सबको फैन्सी कपड़े व ब्रांडेड शूज की जरूरत होती है। हमारी दुकान पर ग्राहकों के लिए सस्ती और बेहतर सुविधा देने के लिए आज दुकान खोली है।

## बिंदल शुगर मिल चांगीपुर के निदेशक संस्कार बिंदल ने

# ट्रेंच विधि रिंग पिट विधि के गन्ना बुवाई के खेतों का किया निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**नूरपुर।** बिंदल शुगर मिल चांगीपुर के निदेशक संस्कार बिंदल एवं इकाई प्रमुख शशि गुप्ता के द्वारा क्षेत्र में शरद कालीन में बोई हुई कोलक 16202 एवं बसंत कालीन गन्ना बुवाई में बीज बदलाव अभियान के अंतर्गत इंडेंट के सापेक्ष ग्राम अस्करीपुर में कृषक अनिल कुमार सिंह, ग्राम धारूपुर में कृषक मोहित कुमार सिंह एवं ग्राम नवादा में कृषक नितिन कुमार के ट्रेंच विधि रिंग पिट विधि के गन्ना बुवाई के खेतों का निरीक्षण किया। जहां पर कृषकों द्वारा ट्राइकोडरमा से भूमि उपचार एवं बीज उपचार थायोफिनट मिथाइल द्वारा किया जा रहा था।

निदेशक संस्कार बिंदल ने कृषकों से बसंत कालीन गन्ना बुवाई में नवीनतम गन्ना प्रजाति को 118 कोशा 13235 कोलक 16 202 कोशा 17 231 को 980 14 को 15023 आदि प्रजातियों की गन्ना बुवाई के लिए बातचीत की। उन्होंने साथ ही साथ क्षेत्रीय कृषकों से भ्रमण के दौरान ट्रेंच विधि से गन्ना बुवाई करने की अपील की एवं बताया कि चीनी मिल फार्म मशीनरी एवं एग्री इनपुट पर सभी कृषकों को अनुदान दे रही है तो उसका अधिक से अधिक कृषक लाभ लें। चीनी मिल समय से गन्ना भुगतान कर रही है उसके लिए कृषकों ने चीनी मिल मालिकों का धन्यवाद दिया।

क्षेत्र भ्रमण में मुख्य गन्ना प्रबंधक विपणन इंद्रवीर सिंह, मुख्य गन्ना प्रबंधक विकास सोमवीर सिंह, वरिष्ठ गन्ना

प्रबंधक सरूर आलम जेदी, उप गन्ना प्रबंधक संजीव खोखर, क्षेत्रीय अधिकारी प्रशांत कुमार, जयकुमार, मोहित शर्मा एवं फील्ड सुपरवाइजर अमित सिंह, वरुण कुमार एवं पवन कुमार आदि उपस्थित रहे।

# सीडीओ ने यूपी सिडको के निर्माण कार्यो की समीक्षा कर दिये आवश्यक दिशा निर्देश

वेलकम इन्डिया



**प्रतापगढ़** ।21 फरवरी 2025 । मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा द्वारा यू0पी0 सिड्को के निर्माण कार्यो की समीक्षा विकास भवन के सीडीओ कक्ष में की गयी। बैठक में अधिशासी अभियन्ता द्वारा बताया गया कि प्रोजेक्ट अलंकार योजना के अन्तर्गत जनपद के 41 विद्यालयों के सापेक्ष 36 विद्यालयों का उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजा गया है जिसमें 29 विद्यालयों का सत्यापन हो चुका है, 07 विद्यालयों का सत्यापन अवशेष है, 04 विद्यालयों का कार्य प्रगति पर है एवं 01 राजकीय बालिका इटर कालेज मानिकपुर की भूमि पर विवाद के कारण कार्य अवरूद्ध है।

प्रोजेक्ट अलंकार योजना के अन्तर्गत पं0 दीनदयाल उपाध्याय राजकीय माध्यमिक इण्टर कालेज महेवामलकिया के निर्माण सम्बन्ध में बताया गया कि रुपए 110.48 लाख स्वीकृति के सापेक्ष रुपए 55.24 लाख की धनराशि अवमुक्त हुई है जिसका शत प्रतिशत व्यय किया जा चुका है, द्वितीय किस्त कार्यदायी संस्था को नही प्राप्त है जिस पर सीडीओ ने अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया कि द्वितीय किस्त प्राप्त होने के उपरान्त कार्य को अविलम्ब पूर्ण करायें। राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवर हरदो पट्टी के निर्माण के सम्बन्ध में बताया गया कि रुपए 74.06 लाख स्वीकृति के सापेक्ष रुपए 37.03 लाख की धनराशि अवमुक्त हुई है, कार्य पर भूमि विलम्ब से उपलब्ध होने के कारण 25 प्रतिशत प्रगति हुई है जिस पर निर्देशित किया गया कि अविलम्ब उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष कार्य पूर्ण करायें। राजकीय बालिका इण्टर कालेज प्रतापगढ़ के निर्माण कार्य के सम्बन्ध में बताया गया कि रुपए 56.40 लाख स्वीकृति के सापेक्ष रुपए 28.20 लाख की धनराशि अवमुक्त हुई है, अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष स्वच्छ पेयजल, भौतिक सत्यापन एवं जीव विज्ञान प्रयोगशाला का निर्माण कार्य प्रस्तावित था जिस पर मात्र बोरिंग के कार्य हेतु रुपए 1.50 लाख का व्यय किया जा चुका है, शेष निर्माण कार्य, निष्प्रयोज्य भवन के ध्वस्तीकरण के उपरान्त कराया जाना था।

# एसआरएम आईएसटी की डीन (आईक्यूएसी) डॉ. धौम्या भट्ट को मिला प्रेस्टीज अवॉर्ड

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** वूमेन प्रेस्टीज अवार्ड एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (एसआरएम आईएसटी), मोदीनगर की डीन (आईक्यूएसी) डॉ. धौम्या भट्ट को शिक्षा के क्षेत्र में उनके अनुकरणीय योगदान के लिए पांचवें वूमेन प्रेस्टीज अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान नारी शक्ति एवं नई पहल फाउंडेशन और लायंस क्लब दिल्ली वेज के संयुक्त तत्वावधान में प्रदान किया गया। यह भव्य आयोजन नई दिल्ली के एग्जीक्यूटिव क्लब रिसॉर्ट में संपन्न हुआ, जिसमें देशभर से प्रतिष्ठित महिला उद्यमी, समाजसेवी, कलाकार, शिक्षाविद, वैज्ञानिक, डॉक्टर, वकील और अन्य क्षेत्रों से जुड़ी प्रमुख हस्तियां उपस्थित रहीं। डॉ. धौम्या भट्ट ने शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, गुणवत्ता सुधार और अनुसंधान को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके प्रयासों ने न केवल संस्थान की शैक्षिक गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास में भी योगदान दिया है। उनकी नेतृत्व क्षमता, समर्पण और शिक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता ने उन्हें इस प्रतिष्ठित सम्मान के योग्य बनाया। वूमेन प्रेस्टीज अवार्ड उन महिलाओं को सम्मानित करता है, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए कार्य किया है। यह सम्मान महिलाओं की असाधारण उपलब्धियों को पहचानने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करने का कार्य करता है। पुरस्कार प्राप्त करने पर डॉ. धौम्या भट्ट ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, ?यह सम्मान न केवल मेरा, बल्कि पूरे शैक्षिक जगत का सम्मान है। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता लाने और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में योगदान देना मेरा उद्देश्य है। इस तरह की मान्यता हमें और अधिक मेहनत करने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित करती है। उनके इस सम्मान से न केवल एसआरएम आईएसटी मोदीनगर बल्कि पूरे शैक्षणिक समुदाय में हर्ष का माहौल है। उनके सहयोगियों, विद्यार्थियों और संस्थान के प्रशासन ने उन्हें इस उपलब्धि पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## बिजली विभाग ने 194 स्थानों पर मारा छापा, 15 स्थानों पर पकड़ी गई चोरी

**गाजियाबाद।** ऊर्जा निगम मोदीनगर की टीम ने पुलिस की मौजूदगी में मोदीनगर के गांव कलछीना में 194 स्थानों पर छापा मारा। टीम ने इस दौरान 15 स्थानों पर बिजली चोरी पकड़ी। छापेमारी से बिजली चोरी करने वालों में हड़कंप मच गया। ऊर्जा विभाग मोदीनगर के अधिशासी अभियंता महेश उपाध्याय ने बताया कि कलछीना गांव में लगातार बिजली चोरी की सूचना मिल रही थी। टीम पहले भी यहां कई बार कार्रवाई कर बिजली चोरी पकड़ चुकी है। अधिशासी अभियंता के नेतृत्व में ऊर्जा निगम की टीम ने पुलिस बल के साथ कलछीना गांव पहुंचकर और छापा मारा। इस दौरान 10 हजार से ज्यादा के बकायेदारों के मीटर उतारे गए। पुलिस बल की मौजूदगी के कारण कोई विरोध नहीं कर सका। बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई। अधिशासी अभियंता ने बताया कि ऊर्जा निगम की टीम लगातार कार्रवाई करती रहेगी।

# व्यापारियों ने भाजपा के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष आकाश शर्मा का स्वागत किया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की एक बैठक हुई। जिसमें व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष आकाश शर्मा को भाजपा भाजपा द्वारा नगर अध्यक्ष बनाए जाने पर उनका व्यापार मंडल के सदस्यों ने भव्य स्वागत किया। इस मौके पर व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष सुदेश जैन ने कहा कि व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष आकाश शर्मा को भाजपा का नगर अध्यक्ष बनाए जाने पर व्यापारियों में खुशी की लहर है। आकाश शर्मा व्यापारियों की उम्मीदों पर खरा करेंगे । व्यापार मंडल के मंडल अध्यक्ष प्रदीप बॉस ने आकाश शर्मा को बधाई देते हुए कहा कि वह नगर अध्यक्ष बनने पर नया आयाम स्थापित करेंगे साथ ही भाजपा संगठन को मजबूत करने का कार्य करेंगे। प्रदीप बॉस ने कहा कि व्यापार मंडल से भाजपा ने दिनेश सिंघल को जिला अध्यक्ष तथा रोहित अग्रवाल को नगर अध्यक्ष बनाया था इसके साथ ही अब आकाश शर्मा को मंडल अध्यक्ष बनाया है यह सबसे खुशी की बात है । भाजपा के नगर अध्यक्ष आकाश शर्मा ने बैठक में आए सभी व्यापारियों का स्वागत के लिए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर महराम चंदेल नीरज गर्ग मुकेश शर्मा एनलजीत सिंह योगेश पंकज मित्तल सुबोध जैन प्रकाश देवेंदर सौरभ गुलशन नारंग आयुष चेतन शर्मा आदि व्यापारीगण उपस्थित रहे।

## संत शिरोमणि रविदास के जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में उ० प्र० अध्यक्ष हुए सम्मिलित



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** सनातन हिन्दू वाहिनी के मेरठ मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र राणा के नेतृत्व में संत शिरोमणि रविदास जी के 648 में जन्मोत्सव के उपलक्ष में कान्हा ग्रीन स्टेट मोदीनगर में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष महंत संजयनाथ योगी सभी को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत सुरेंद्रनाथ अवधूत जी आदेश पर प्रदेश के विभिन्न जिलों में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। इसका उद्देश्य सभी को जात-पात के भेदभाव को खत्म कर एक करना है उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा हमारे प्रदेश को विकसित एवं सुरक्षित प्रदेश बनाया गया है। आज हम सभी का कर्तव्य बनता है कि हम सब एक झूठ होकर उनके दिखाए हुए मार्ग पर चलें और राष्ट्र में कार्य करें।इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष योगी संजय आदित्यनाथ, डिया प्रकोष्ठ द्वारा किया गया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए मंचासीन अतिथियों में गन्ना समिति चेयरमैन राजन चौधरी, प्रमुख समाजसेवी वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ पवन सिंघल, कनन ग्रीन डायरेक्टर रविन्द गर्ग, देवेन्द्र वत्स प्रदेश महामंत्री मीडिया प्रकोष्ठ, उत्तम प्रधान सीकरी खुर्द, दीपक त्यागी, धर्मेन्द्र चौधरी अध्यक्ष व्यापार मंडल, शैलेश गुर्जर जिला अध्यक्ष, गाज़ियाबाद, संतोष यादव उपस्थित रहे।

## समाजकल्याण विभाग के सहयोग से अयोध्या वृद्धा आश्रम के बुजुर्गों ने किया कुंभ स्नान




अयोध्या( वेलकम इंडिया)

अयोध्या जिले में मणि पर्वत पर स्थापित फलाहारी आश्रम के बुजुर्गों और स्टॉप ने समाजकल्याण विभाग के सहयोग से महाकुंभ में स्नान किया ! स्नान करने जा रही टीम को जिला समाज कल्याण अधिकारी ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया और कहाँ की उत्तर प्रदेश सरकार के मंशानुरूप समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण के दिशा निर्देशन में तीर्थ यात्रा कराया जा रहा है ! संगम प्रयागराज के प्रांगण में १०० बेड का अस्थायी बेड भी बनाया गया है ! जिसमे वृधजनों के रात्रि विश्राम के साथ भोजन, जलपान, योग, मनोरंजन, चिकित्सा की निशुल्क सुविधा उपलब्ध है ! इस मौके पर प्रधुमन मिश्रा, अमरेश चंद्र मिश्रा, रीमा मिश्रा, परमात्मा नंद यादव, प्रदीप, राजू आदि लोग मौजूद रहे !

## वाहन चोरी और लूट की वारदात करने वाले गैंग का पदार्फाश

**गाजियाबाद।** ट्रॉनिका सिटी थाना पुलिस ने वाहन चोरी और लूट की वारदात करने वाले गैंग का पदार्फाश करते हुए चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी की स्कूटी, बाइक और अवैध हथियार बरामद हुए हैं। पुलिस का कहना है कि गैंग के सदस्य चोरी के वाहनों पर लूट की वारदात करते हैं। इनका आपराधिक रिकॉर्ड भी सामने आया है। एसीपी लोनी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि ट्रॉनिका सिटी थाना पुलिस ने गुरुवार रात चेकिंग के दौरान स्कूटी सवार संदिग्धों को रुकने का इशारा किया, लेकिन वह पुलिस को देखकर भाग निकले। पुलिस ने पीछा कर आरोपियों को पकड़ लिया। पूछताछ के आधार पर स्कूटी सवारों के दो अन्य साथी भी पकड़े गए हैं। पकड़े गए आरोपियों में सारिक, अमन, सैफ और रहमान शामिल हैं। सभी आरोपी लोनी थानाक्षेत्र के रहने वाले हैं।

# अधिवक्ताओं ने एडवोकेट एक्ट एमेंडमेन्ट एक्ट 2025 को वापस लिए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** बार एसोसिएशन मोदीनगर से जुड़े अधिवक्ताओं ने केन्द्र सरकार द्वारा एडवोकेट एक्ट एमेंडमेन्ट एक्ट 2025 को अधिवक्ता विरोधी होने के कारण वापिस लिये जाने के सम्बन्ध में एक ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि केन्द्र सरकार द्वारा एडवोकेट एक्ट एमेंडमेन्ट एक्ट 2025 को पास करने से पूर्व उसमें किये गये संशोधनो के लिये सभी देश के अधिवक्ताओं से सुझाव / राय मांगी गयी है।

केन्द्र सरकार द्वारा एडवोकेट एक्ट एमेंडमेन्ट एक्ट 2025 में संशोधन किये गये वो पूर्णतः अधिवक्ता विरोधी व सरकार की अधिवक्ता दमनकारी नीति की और इशारा करते है क्योकि अधिवक्ता ही सरकार की गलत नीतियों एवं निर्णय विरोध वादकारियों के माध्यम से व पी०आई०एल० के माध्यम से समक्ष न्यायालयो में वाद योजित करते है। इसी को रोकने के उद्देश्य से उपरोक्त बिल में अधिवक्ताओं के अधिकारों का शोषण करने के उददेश्यो से अनेक संशोधन किये गये है।अधिवक्ताओ को अपने अधिकारों की लडाई के लिये हड़ताल पर पूर्णतः रोक लगाई गयी है जो कि पूर्णतः विधि विरुद्ध है और मौलिक अधिकारों का भी हनन है। उपरोक्त संशोधन बिल में सरकार अपने भ्रष्टाचार व अपनी दोषपूर्ण नीतियों को छिपाने के लिये और अधिवक्ता की आवाज को दबाने / कुचलने के उददेश्यो से लाया जा रहा है। जिसका तहसील मोदीनगर में सभी अधिवक्तागण व साथ-साथ राज्य व सम्पूर्ण भारत वर्ष का अधिवक्ता समाज पूर्णतः विरोध करता है। केन्द्र सरकार द्वारा एडवोकेट एक्ट एमेंडमेंन्ट एक्ट 2025 को अधिवक्ता विरोधी होने के कारण तत्काल वापिस लिया जाए अधिवक्ताओं के अधिकारो को संरक्षण करने व प्रत्येक तहसील स्तर पर अधिवक्ताओं के लिये चैम्बर निर्माण की लिये फंड जारी किया जावे व वेलफेयर सम्बन्धि योजना बनाये जावे व अधिवक्ताओ के लिये स्वास्थ्य बीमा सम्बन्धी योजना व आयुष्मान दस लाख रुपए तक का इलाज मुक्त किये जाये आदि योजनाओं को लागू करने के आदेश पारित करने की कृपा करे।

## साईं एनक्लेव कॉलोनी सड़के ठीक कराए जाने की मांग को लेकर दिया ज्ञापन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** ए न्यू होप फाऊंडेशन की ओर से साईं एनक्लेव कालोनी की सड़कों तथा नालियों की दुर्दशा देखते हुआ उप जिलाधिकारी मोदीनगर को एक स्मरण पत्र प्रेषित किया। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवींद्र कुमार के अनुसार साईं एनक्लेव की सड़कों व नालियों की दुर्दशा देखते हुए एक प्रार्थना पत्र नगर पालिका अध्यक्ष को 12 दिसंबर को दिया गया था।

जिस पर कालोनी की दशा देखते हुए पूर्व विधायक पंडित सुदेश शर्मा ने भी अपना रिमार्क किया था, किंतु कोई सुनवाई न होने पर एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी महोदया को 28 जनवरी 2025 को दिया गया। उप जिलाधिकारी के आश्वासन पर एक महीना इंतजार करने के बाद पुनः एक स्मरण पत्र 21 फरवरी 2025 को दिया गया। रवींद्र कुमार के अनुसार यदि अभी भी कोई कार्यवाही नहीं हुई तो तहसील दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी महोदय के सामने बात रखी जायेगी।

## मिल्कीपुर में अधिवक्ताओं और उप जिलाधिकारी के बीच फोन ना उठाने को लेकर हुआ तकरार

अयोध्या (वेलकम इंडिया)



मिल्कीपुर में अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 के विरोध में अधिवक्ता और उप जिला अधिकारी मिल्कीपुर के बीच फोन ना उठाने को लेकर तकरार हो गया अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन देने के लिए कार्यालय पहुंचे थे।

वही मिल्कीपुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश पांडे, मंत्री सूर्य नारायण दुबे, उपाध्यक्ष विश्वनाथ मिश्र, पूर्व उपाध्यक्ष अमित मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष शिवराज तिवारी, द्वारा उप जिला अधिकारी को कई बार ज्ञापन देने संबंधी फोन किया गया। लेकिन अधिवक्ता संघ के सभी पदाधिकारी व पूर्व पदाधिकारी के फोन को अनसुना कर दिया। फोन ना उठाने पर अधिवक्ताओं ने नायब तहसीलदार को ज्ञापन सोपा कुछ देर बाद जब उप जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचे। तो अधिवक्ताओं ने उनसे मिलने का समय मांगा लेकिन उप जिलाधिकारी ने अधिवक्ताओं को कोई तवज्जो नहीं दिया। संघ करीब 30 मिनट तक उप जिला अधिकारी कार्यालय के सामने इंतजार करता रहा। लेकिन जब 30 मिनट बाद भी कोई रिस्पांस नहीं मिला तब अधिवक्ताओं के इंतजार का बांध टूट गया।और अधिवक्ता संघ आक्रोषित होकर नारेबाजी करने लगे। तब जाकर उप जिला अधिकारी मिल्कीपुर अपने चैंबर से बाहर आकर अधिवक्ताओं और उप जिलाधिकारी मिल्कीपुर राजीव रत्न सिंह के बीच फोन न उठाने को लेकर बहस छिड़ गई उप जिलाधिकारी मिल्कीपुर ने अधिवक्ताओं के प्रदर्शन को नौटंकी शब्द का प्रयोग किया। उप जिला अधिकारी के मुख से नौटंकी शब्द सुनकर अधिवक्ता संघ आग बबूला हो गया नौटंकी शब्द को लेकर अधिवक्ता संघ। अपने पद का अपमान मानकर प्रदर्शन को और उग्र बना दिया। और उप जिलाधिकारी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अधिवक्ता संघ ने एक आपातकालीन बैठक कर उप जिला अधिकारी मिल्कीपुर द्वारा नौटंकी शब्द का इस्तेमाल करने पर उपजिलाधिकारी के विरोध में एक निंदा प्रस्ताव पास कर विरोध प्रदर्शन व उप जिला अधिकारी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठने की चेतावनी तक दे डाली।

# पूर्व विधायक ने वार्षिकोत्सव पर मेधावियों को किया सम्मानित

अयोध्या( वेलकम इंडिया)



**मिल्कीपुर।** क्षेत्र के महादेव आदर्श इंटर कॉलेज महादेवगंज गोयड़ी का वार्षिकोत्सव शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा ने विद्यालय के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। विद्यालय के छात्रों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

छात्रों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा ने कहा कि बालिकाएं हर क्षेत्र में अपना नाम रोशन कर रहीं हैं, आधी आबादी का प्रतिनिधित्व सभी क्षेत्रों में बढ़ा हुआ है। मोदी योगी सरकार ने भी बालिकाओं के लिए अनेक योजनाएं संचालित की हैं। राजनीति के क्षेत्र में भी उन्हें आरक्षण मिलने वाला है। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। पूर्व विधायक ने 2024 की हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में प्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त करने वाली दीपांजलि पांडे को मेडल देकर सम्मानित किया। साथी अन्य कक्षाओं में प्रथम स्थान करने वाले छात्रों को भी अतिथियों ने मेडल व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा, दुर्गा बक्स सिंह कप्तान, प्रधानाचार्य उमाकांत शुक्ला, गंगानाथ मिश्रा, ऋषभ सिंह, संजय तिवारी, विनोद प्रताप सिंह, सनातन सिंह, आदित्य सिंह, गहनाग प्रसाद तिवारी, शांतनु यादव, आकाश प्रधान, विकास मिश्रा, डॉ ब्रजेश कुमार पाठक, रविन्द्र दुबे, गणेश शंकर दुबे संयोजक के रूप में उपस्थित रहे।

# पेट्रोल पंप एसोसिएशन अध्यक्ष के कर्मचारी से लाखों की लूट



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** दिल्ली निवासी ऑल इंडिया पेट्रोल पंप डीलर एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय बंसल के पेट्रोल पंप के कर्मचारी से गुरुवार रात करीब ड़ेढ़ बजे टेम्पू व अन्य वाहन पर सवार होकर आये तीन हथियारबंद बदमाशों ने दिल्ली मेरठ एक्सप्रैस वे पर हवा हवाई रेस्टोरेंट के पास स्थित होंडा वे टू बंसल पेट्रोलपंप पर धावा बोलकर हजारों की नगदी समेत लाखों को ड्रामों में करीब 45 हजार तेल लूट लिया। इतना ही नहीं बदमाश ऑयल मशीन भी लूटकर फार हो गए। अजय बंसल का दिल्ली-मेरठ हाइवे पर भोजपुर थाना क्षेत्र में इंडियन ऑयल कंपनी का एक पेट्रोल पंप है। इस पंप पर बीती देर रात तीन बदमाश पहुंचे। बदमाशों ने वहां मौजूद कमार्चारी को बंधक बनाकर पहले पीटा, फिर एक कोने में डाल दिया। उसके बाद इत्तमिनान से साथ लाए ड्रमों में करीब 45 हजार रुपये की डीजल और पेट्रोल भरा। कर्मचारी से सेल्स का सारा पैसा लूटा और फरार हो गए। घटना में घायल कर्मचारी को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। घायल कर्मचारी लाल चौधरी के मुताबिक बदमाशों के पास देशी तमंचे थे। वो अपने साथ लाए कई ड्रम में करीब 40-45 हजार रुपए की कीमत का पेट्रोल और डीजल भरकर ले गए हैं। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और बदमाशों के बारे में जानकारी जुटाने में लग गई। पुलिस पेट्रोल पंप सहित आस-पास के सीसीटीवी की फुटेज भी खंगाल रही है। मगर अभी तक बदमाशों का कोई सुराग नहीं लगा है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे डीलर एसोसिएशन के पदाधिकाारियों ने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए। इस घटना से पेट्रोल पंप मालिकों में रोष है। घटना की जानकारी मिलने पर गाजियाबाद पेट्रोल पंप डीलर एसोसिएशन के पदाधिकारी भी मौके पर पहुंचे और नाराजगी जताई। गाजियाबाद एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सतीश शर्मा ने बताया कि इस घटना से चंद रोज पहले ही गाजियाबाद के सिहानी गेट क्षेत्र में पेट्रोल पंप के कैशियर से दिनदहाड़े पोने दस लाख की लूट हुई थी। उस घटना का भी पुलिस अब तक खुलासा नहीं कर पाई है जबकि पांच दिन में खुलासे का आश्वासन दिया गया था।

# पीएमश्री विद्यालय केवल नाम से ना हो बल्कि काम से भी पीएमश्री हों : सीडीओ अभिनव गोपाल







**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** विकास भवन गाजियाबाद में जनपद के कुल चयनित 9 पीएमश्री विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों और विषय शिक्षको के क्षमता संवर्धन के उद्देश्य से एक दिवसीय जनपदीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। माननीय प्रधानमंत्री जी की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग से चयनित विद्यालयों की एक दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ बेसिक शिक्षा अधिकारी गाजियाबाद ओम प्रकाश यादव द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल ने विश्वास व्यक्त किया कि पीएम श्री विद्यालय अपने ग्रीन स्कूल के रूप में, डिजिटल शिक्षा, आईसीटी लैब, लैंग्वेज लैब और इन्फ्रास्ट्रक्चर के रूप में मॉडल विद्यालय बनेंगे। वह केवल नाम के ही पीएमश्री नहीं होंगे बल्कि काम से भी पीएमश्री होंगे। उन्होंने शिक्षकों का आवाहन किया कि वे इसे शिक्षकश्री स्कूल बनाएं क्योंकि इन विद्यालयों के शिक्षक अन्य विद्यालयों से खास होंगे। कार्यशाला में छात्रों के कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा विकास, करके सीखने, गाइडेंस और काउंसलिंग, खान एकेडमी, बाल वाटिका, सामुदायिक सहभागिता, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, ग्रीन स्कूल, बालिका शिक्षा और समावेशी शिक्षा आदि विषयों पर खंड शिक्षा अधिकारी जमुना प्रसाद, नोडल गाइडेंस एंड काउंसलिंग रजनी गौतम, एसआरजी देवांकुर भारद्वाज, विनीता त्यागी, पूनम शर्मा, डीसी दिनेश पाल, विश्वास गौतम और अजीत सिंह आदि वक्ताओं ने परियोजना प्रदत्त पीपीटी और विचारों को साझा किया। अंत में मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल जी द्वारा सभी वक्ताओं को भेंट देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में जीआईसी नंदग्राम के प्रधानाचार्य श्री जयसिंह ,खंड शिक्षा अधिकारी सर्वेश कुमार, कविता चौहान, महिमा दयाल, अभिषेक कुमार,डीसी रुचि त्यागी, अरविंद शर्मा व सभी पीएम श्री विद्यालयों के प्रधानाध्यापक और शिक्षक उपस्थित रहे। पीएमश्री नोडल खंड शिक्षा अधिकारी जमुना प्रसाद जी द्वारा मुख्य विकास अधिकारी महोदय, बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय, डीसी माध्यमिक, सभी खंड शिक्षा अधिकारियों, एसआरजी, डीसी व शिक्षकों को धन्यवाद देने के साथ ही कार्यक्रम का समापन हो गया।

# रेलवे के लोको रनिंग स्टाफ भूखे पेट चलाएंगे ट्रेन




**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** सरकार की नीतियों के खिलाफ रेलवे का लोगो रनिंग स्टाफ भूखे पेट रहकर ट्रेन का संचालन करेंगे इस विभाग से जुड़े अन्य कर्मचारी रेलवे कार्यालय के सामने धरना देंगे ऑल इंडिया लोगो रनिंग स्टाफ कि केंद्र कमेटी ने सभी कर्मचारियों को इस संबंध में स्पष्ट निर्देश दिए हैं दिए हैं कि वह इस संघर्ष में बढ़-चढ़कर सहयोग करें ताकि लोको पायलट व अन्य कर्मचारी की मागो पूरा कराया जा सके एसोसिएशन के मंडल अध्यक्ष



## मुरादनगर क्षेत्र में अनाधिकृत निर्माणों पर चला बुलडोजर




**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स के अवैध निर्माण/अवैध कालोनियों के विरूद्ध कार्यवाही किए जाने के निदेर्शों के क्रम में शुक्रवार को मुरादनगर क्षेत्र के असालतनगर नगर कालोनी में खसरा नंबर-25 में अवैध रूप से नितिन त्यागी पुत्र रामकरन त्यागी व अनिल डबास द्वारा काइट के सामने, शिवम विहार के पीछे, शिवम विहार तृतीय मुरादनगर के लगभग 13 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग कर विकास कार्य किया जा रहा था। उपरोक्त अवैध कालोनी में कालोनाईजर द्वारा बनायी गई सडक, बाउन्ड्रीवॉल, साईट ऑफिस आदि को ध्वस्त कर दिया गया। ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के दौरान कोलोनाईजर/ निर्माणकर्ता द्वारा भारी विरोध प्रकट किया गया। लेकिन पुलिस व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते की प्रभावी कार्यवाही के द्वारा उनको डंडे फटक कर भगा दिया। प्रभारी अधिकारी प्रवर्तन जोन-2 द्वारा लोगो को सख्त निर्देश दिए गए कि बिना अनुमति किए गए किसी भी निर्माण को बक्शा नहीं जायेगा। उपरोक्त अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही अनाधिकृत कालोनियों के विरुद्ध सहायक अभियन्ता व अवर अभियन्ता एवं प्रवर्तन जोन-2 के समस्त स्टाफ, प्राधिकरण पुलिस बल व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते की उपस्थिति में ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई।

आगामी माह में भी ध्वस्तीकरण/सील की कार्यवाही किए जाने का अभियान जारी रहेगा। इन कालोनियों में किसी भी भूखण्ड/भवन का क्रय/विक्रय किया जाना पूर्ण रूप से अवैध हैं।

## पुलिस की पशु तस्करों के साथ मुठभेड़, दो गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** ग्रामीण जोन की स्वाट टीम तथा वेव सिटी थाना पुलिस की कार सवार पशु तस्करों के साथ मुठभेड़ हो गए। तस्करों ने चेकिंग के दौरान पुलिस टीम पर गोली चला दी। जवाबी फायरिंग में पैर में गोली लगने से एक तस्कर घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक दोनों तस्कर गैंगस्टर हैं। उनके कब्जे से अवैध असलहा, पशु कटान के औजार तथा नशीले इंजेक्शन बरामद हुए हैं। आरोपियों के खिलाफ दो दर्जन से अधिक केस दर्ज हैं। एसीपी वेवसिटी लिपी नगायच ने बताया कि गुरुवार देर रात वेवसिटी पुलिस और ग्रामीण जोन की स्वाट टीम कंपोजिट विद्यालय यासीनगढी में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने बिना नंबर की कार को रोकने का इशारा किया तो कार सवारों ने गाड़ी दौड़ा दी। पुलिस ने पीछा किया तो गाड़ी पुलिया से टकरा गई। इसी दौरान गाड़ी में सवार दो लोगों ने खेतों में भागने का प्रयास किया। पुलिस ने पीछा किया तो उन्होंने टीम पर फायरिंग कर दी।

# ट्रांसपोर्टर्स ने ट्रैफिक पुलिस पर लगाया अवैध वसूली का आरोप



**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** ट्रैफिक पुलिस पर पैसे लेकर पुराने वाहनों को चलने देने का आरोप लगाते हुए, ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन गाजियाबाद ने शुक्रवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा और इस मामले में संज्ञान ले कार्रवाई करने की मांग की। जिलाध्यक्ष सौदान सिंह गुर्जर ने बताया कि एनजीटी के तहत एनसीआर में दस साल पुराने वाहन प्रतिबन्ध है। कुछ ट्रैफिक पुलिस की मिली भगत के कारण पांच पांच हजार रुपए लेकर पुरानी गाडी चलवाई जा रही है, पर प्रदूषण से आम जनता पहले ही परेशान है। जगह जगह पुरानी गाडी खराब हो जाती है और जाम लगा देती है। ट्रैफिक पुलिस की लापरवाही के कारण ये धन्धा चलाया जा रहा है जो कि सरकार की नित्तियो एवं नियमो के खिलाफ है। इस गोरखधंधे पर लगाम लगाया जाना न्याय हित में अति आवश्यक है। इस दौरान जिला महासचिव सुरेन्द्र नागर समेत अन्य लोग मौजूद रहे। बता दें कि ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने जो ट्रैफिक पुलिस पर इलजाम लगाए हैं वह नए-नए हैं दरअसल पहले से कहा जाता रहा है कि ट्रैफिक पुलिस के कुछ सिपाही सड़कों पर अवैध उगाई का काम करते हैं जाना कि इस संबंध में कई बार पुलिस ने जांच भी की और कुछ दोषियों के खिलाफ कार्रवाई भी की है लेकिन यह सिलसिला बदस्तूर जारी है। दरअसल गाजियाबाद का प्रदूषण तेजी से बिगड़ रहा है ऐसे में जहां एक और ट्रैफिक पुलिस आरटीओ विभाग की लापरवाही है वहीं दूसरी ओर डाग्गामार या प्रतिबंधित वाहनों ने भी प्रदूषण को बेहद खतरनाक स्तर पर पहुंचने में भूमिका निभाई है।

## सेक्टर 10 राजनगर की सड़क बनने की हुई विधिवत शुरूवात



**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** आज दिनांक 21.2.2025 को सेक्टर 10 जीडीए मार्केट के चारों तरफ और सेक्टर 10 की विभिन्न गलियों में सड़के बनाने का कार्य शुरू किया गया।

इस कार्य का शुभारंभ राज नगर रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री डी के गोयल और पार्षद श्री प्रवीण चौधरी द्वारा नारियल फोड़ कर किया गया, इस अवसर पर फफहअ कोषाध्यक्ष श्री प्रभाकर त्यागी, सेक्टर 10 एग्जीक्यूटिव मेंबर सौरभ गर्ग, राजनगर फहअ की महिला विंग की अध्यक्ष श्रीमती सिमरन रंधावा, बिग स्माइल फाउंडेशन के चेयरपर्सन जितेंद्र रंधावा, ओमप्रकाश भोला, वीरेंद्र सारस्वत, के के त्यागी, डा नरेश गोयल, संजय बैंसला, अमित गर्ग, अनिल बैंसला और सेक्टर 10 के अनेक गण मान्य लोग इस अवसर पर उपस्थित रहे।

# अधिवक्ता अधिनियम में संशोधन का विरोध



**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** बार एसोसिएशन गाजियाबाद ने सरकार द्वारा अधिवक्ता अधिनियम में संशोधन का विरोध करते हुए शुक्रवार को राष्ट्रपति के नाम पत्र लिख अपनी आपत्ति जताई है। इसके साथ एसोसिएशन ने कुछ सुझाव भी दिए हैं। एसोसिएशन के सचिव अमित कुमार नेहरा ने बताया कि वर्तमान सरकार में अधिवक्ता अधिनियम में संशोधन संविधान की आधारभूत संरचना पर हमलों करने की नियत से लाये गये है। ऐसे समय में जब केन्द्रीय विधि मंत्री, अधिवक्ताओं के लिये मेडिक्लेम जीवन बीमा प्रदान करने की घोषणा कर चुके हैं व पूरे देश का अधिवक्ता समाज एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट की राह देख रहा था। जिसका प्रारूप तैयार करके बार काउंसिल उत्तर प्रदेश द्वारा लगभग 6 माह पूर्व सरकार को प्रेषित किया जा चुका है। इन संशोधनों में इस बिन्दु का वर्णन तक न होने से भी अधिवक्ताओं में मायूसी की लहर छा गयी है। साथ ही इन संशोधनों के स्वरूप, लक्षण व नियत पर प्रश्नचिन्ह स्वाभाविक रूप से उठ खड़े हुए है। राजस्थान के विधान मंडल द्वास पारित एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को राज्यपाल ने राष्ट्रपति की सहमति न प्रदान होने के कारण रोक दिया गया है, जिससे पता चलता है कि वर्तमान सरकार एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट पारित नहीं करना चाहती है। इन संशोधनों द्वारा अधिवक्ताओं की की सर्वोच्च संस्था भारतीय विधि परिषद को केन्द्र सरकार द्वारा बाध्यकारी निर्देश देने के प्राविधान से धारा 49 (बी) से पूरी संस्था की स्वायत्तता व स्वतंत्रता खतरे में आ गयी है। इतिहास साक्षी है कि अधिवक्ता समाज लोकतन्त्र का अनन्य व सजग प्रहरी है, चाहे देश का स्वतंत्रता संग्राम आन्दोलन हो या आपातकाल की विभीषिका अधिवक्ताओं ने ही लोकतन्त्र को अक्षुण्ण बनाये रखा है।

## नशीला पदार्थ पिलाकर युवती से दुष्कर्म करने और अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का आरोप

**गाजियाबाद।** नंदग्राम थानाक्षेत्र में नशीला पदार्थ पिलाकर युवती से दुष्कर्म करने और अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। पीड़िता के मुताबिक, आरोपी ने उस पर धर्म परिवर्तन का दबाव डाला। शादी कहीं और हो जाने पर आरोपी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उससे एक लाख रुपये मांग रहा था।

पैसे देने से इनकार करने पर आरोपी ने ससुरालियों को उसके अश्लील वीडियो-फोटो भेज दिए। पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## राधा कृष्ण पार्क की रंगाई पुताई के कार्य का शुभारंभ



**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** कौशांबी स्थित वार्ड 72 सेक्टर-1 कामना वैशाली राधा कृष्ण पार्क की रंगाई पुताई के कार्य का शुक्रवार को क्षेत्रीय पार्षद कुसुम मनोज गोयल के प्रयासों द्वारा शुरू करवाया गया। इस अवसर पर समाजसेवी डॉ एसएन शर्मा एवं अवधेश मिश्रा ने संयुक्त रुप से नारियल फोड़कर कार्य का शुभारंभ किया। क्षेत्रीय पार्षद कुसुम मनोज गोयल ने कहा राधा कृष्ण पार्क का सौंदर्यकरण कार्य तेजी से कराया जा रहा है। पार्क की खूबसूरती बढ़ाने के लिए रंगाई-पुताई का कार्य कराया जा रहा है। जिससे क्षेत्र के लोग अपने परिवार के साथ सुबह-शाम घूम सकेंगे। क्षेत्र का विकास हमारी प्राथमिकता है। प्राथमिकता के आधार पर ही क्षेत्र में विकास कार्य कराए जा रहे है, जो कि आगे भी इस तरह से विकास कार्य होते रहेंगे। वहीं क्षेत्र के लोगों ने पार्षद का फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान भाजपा नेत्री विमला भट्ट, श्याम सुंदर सिंह, दुष्यंत गौतम, राज सिंह, सुरेश, मुन्नी, राजकुमार, मंजू, शंभू साहित क्षेत्र के अन्य निवासी उपस्थित रहे।

# केनरा बैंक द्वारा जेएमएसआईटी, गाजियाबाद में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ






**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** जेएमएसआईटी, गाजियाबाद में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर केनरा बैंक के सहयोग से भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रतियोगिता का विषय ₹भारतीय अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी के प्रयास₹ था। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। मुख्य अतिथि, प्रख्यात साहित्यकार एवं शिक्षाविद् क. शर्मा जी ने उद्घाटन भाषण में हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अन्य भाषाओं की प्रतिस्पर्धा के बावजूद हिंदी का स्थान सर्वोपरि है। उन्होंने भारतीय नागरिकों से अपने दैनिक कार्यों में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग का आह्वान किया। केनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय कि राजभाषा अधिकारी शीला वेर्मा ने मंच का संचालन किया संस्थान के सचिव, डॉ. हिमांशु सिंहल ने क्षेत्रीय भाषाओं के प्रसार और उनके उपयोग को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संस्थान समाज में भाषाई जागरूकता बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा। संस्थान के निदेशक, प्रो. डॉ. अनिरुद्ध बिस्वास ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, और हमें उन्हें सम्मान और अवसर दोनों देने चाहिए। संस्थान के प्रधानाचार्य, प्रो. डॉ. प्रवीण गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि समाज की उन्नति में महिलाओं का योगदान हमेशा से महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने महिलाओं के प्रयासों को सराहते हुए कहा कि उनकी भागीदारी हर क्षेत्र में समान रूप से देखी जा सकती है। इस भाषण प्रतियोगिता में संस्थान के विद्यार्थियों ने विषय पर *अपने विचार प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किए।